

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 9 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-011 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सीआईएसएफ कैम्प का बैरिकेड तोड़कर घुसा दंतैल

**बालौद,9 अप्रैल।** हाथियों का उत्पात समय के साथ बढ़ता जा रहा है. बीती रात दंतैल हाथी बैरिकेड तोड़कर दल्लीराजहरा स्थित सीआईएसएफ कैम्प में घुसकर जमकर उत्पात मचाया. हाथी के आतंक से रातभर सीआईएसएफ के जवान दहशत में रहे. जानकारी के अनुसार, हाथी इन दिनों तांदुला बांध एरिया में मंडरा रहा है. बीती रात दल्लीराजहरा स्थित सीआईएसएफ कैम्प के दो गेट समेत बेरिकेट को तोड़ते हुए अंदर घुसकर रातभर जमकर उत्पात मचाया. दंतेल के कैंप में घुसने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला. वर्तमान में हाथी पल्लेकसा के जंगल में मौजूद है. बता दें कि वन विभाग ने आस-पास के ग्राम मुल्ले, मुल्लेगुड़ा मालगांव, रानीमाई, तालगांव, अंधियांटोला, सेमरकोना, नर्रा, गोंडपाल, घोठिया सहित दर्जनों गांवों को अलर्ट किया हुआ है. हाथी दिनभर जंगल में तांदुला बांध के एरिया में रहता है, लेकिन शाम होते ही रिहायशी इलाकों में प्रवेश कर जाता है, जिससे ग्रामीण दहशत के साए में रात बिताने मजबूर हैं.


### फिर डराने लगा कोरोना

**नई दिल्ली ,9 अप्रैल।** देश में कोरोना के मरीज एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। हर रोज पांच से छह हजार लोग संक्रमित पाए जा रहे हैं। मौतों का आंकड़ा भी काफी अधिक बढ़ गया है। इसके साथ ही पाबंदियों का दौर भी शुरू हो गया है। इस बीच, एक बार फिर से राज्य सरकारों की तरफ से सख्ती का एलान होने लगा है। इसी हफ्ते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रमुख सचिवों के साथ बैठक करके राज्यों को अलर्ट रहने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 और 11 अप्रैल को देशभर के अस्पतालों में तैयारियों का जायजा करने को लेकर 10 और 11 अप्रैल को मॉड ड्रिल कराने का भी एलान किया है।

### अदानी पर मतभेद के बावजूद खड़गे विपक्षी एकता पर दे रहे जोर

**नई दिल्ली 9 अप्रैल ।** एक तरफ जहां महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने अदानी समूह के खिलाफ लगाए गए वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की विपक्ष की मांग पर संदेह व्यक्त किया है, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे को नजरअंदाज कर रहे हैं और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश में हैं। पवार ने कहा, मुझे लगता है कि जेपीसी के बजाय, सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त आयोग अधिक विश्वसनीय और स्वतंत्र है।इन सभी घटनाक्रमों के बीच, विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए पहला कदम उठाते हुए, खड़गे ने हाल ही में डीएमके के एम.के. स्टालिन, जद (यू) के नीतीश कुमार और शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे सहित विभिन्न समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित किया, ताकि एक आम एजेंडा को औपचारिक रूप दिया जा सके।तृणमूल कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकार करने में हिचक रही है। हालांकि खड़गे ने यह कहकर मामले को साफ करने की कोशिश की है कि विपक्षी दलों में नेतृत्व को लेकर कोई गतिरोध नहीं होना चाहिए।






**मोदी ने कैमरे से टाइगर को देखा, हाथी को खिलाया गन्ना**

# देश में बाघों की संख्या 3167

**बांदीपुर,9 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व पहुंचे जहां उन्होंने जंगल सफारी का लुत्फ़ लिया। पीएम मोदी इस दौरान टाइगर प्रिंटेड टी शर्ट पहने, सिर पर ब्लैक टोपी पहने, हांथ में जैकेट लिए और खाकी रंग की पैंट पहने हुए थे। टाइगर रिजर्व से पीएम मोदी की कुछ तस्वीरें भी सामने आई जिसमे वे बेहद अलग ही लुक में दिखाई दिए। बांदीपुर टाइगर रिजर्व की अपनी यात्रा के दौरान अपने कैमरे के माध्यम से बड़ी बिल्लियां यानी टाइगर को देखा। साथ ही हाथी को गन्ना भी खिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) लॉन्च करेंगे IBCA दुनिया की सात प्रमुख बड़ी बिल्लियों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा जैसे बाघ, शेर, तेंदुआ,



हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता।

### भारत में बढ़ रही शेरों की आबादी

पीएम मोदी ने देश में बाघों की संख्या के नए आंकड़े जारी किए हैं। इसके साथ ही देश में बाघों की संख्या बढ़कर 3 हजार 167 हो गई है। इस दौरान पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में 4 साल में 200 बाघ बढ़े। पीएम मोदी ने कहा कि जब दुनियाभर में बाघों की आबादी घट रही है, तो भारत में क्यों बढ़ रही है। उत्तर है कि भारत के समाज में बायो डायवर्सिटी को लेकर जो हमारा स्वाभाविक आग्रह है वो ही सफलता के अंदर छिपा हुआ है। हम इकोलॉजी और इकोनॉमी में भेद नहीं मानते, बल्कि दोनों के बीच को एक्जीस्टेंस को महत्व देते हैं। हमारे यहां टाइगर से जुड़ा हजारों वर्ष पुराना इतिहास है। एमपी में 10 हजार साल पुरानी रॉक आर्ट्स में बाघों के चित्र हैं। पीएम यहां बाघों को बचाने के लिए 50 साल पहले शुरू किए गए प्रोजेक्ट टाइगर की सालगिरह पर कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया।। इसी के साथ वे आज देश में बाघों की जनसंख्या के आंकड़े भी जारी । करीब 11 बजे बाघ गणना के आंकड़े जारी किए।

# जब तक मैं जिंदा हूं बस्तर में नहीं होगी शराबबंदीः लखमा

**जगदलपुर, 9 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश में शराबबंदी की चर्चाओं के बीच आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बड़ा बयान दिया है। कवासी लखमा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में अगर शराबबंदी हो भी गया तो बस्तर में शराबबंदी नहीं होगी। जब तक वो जिंदा है बस्तर में शराबबंदी नहीं होगी। कवासी लखमा ने शराब के कम पीने और दवा की तरह पीने के फायदे भी बताये। बस्तर में शराब की पैरवी करते हुए कवासी ने कहा कि मजदूरों और मेहनतकशों के लिए शराब जरूरी है। कवासी लखमा ने शराब को आदिवासियों की जरूरत बताते हुए कहा कि जब तक वे जीवित हैं, बस्तर में शराबबंदी नहीं होगी।

बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा के इस बयान के बाद सियासी बवाल बढ़ना तय है। उन्होने कहा कि थोड़ी-थोड़ी पीने से कोई नुकसान नहीं पहुंचता। अधिक शराब सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। कुल मिलाकर बस्तर में शराब संस्कृति को वे संरक्षण देते नजर आए। इससे पहले शुक्रवार को ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शराबबंदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शराबबंदी पर सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा था कि जब तक लोग शराब पीना नहीं छोड़ेंगे तब तक शराबबंदी नहीं हो सकती है. इस बयान पर छत्तीसगढ़ की राजनीति गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री



डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर शराबबंदी का वादा कर मुकर जाने का आरोप लगाया है और इसे राज्य की महिलाओं का अपमान बताया है।

शराबबंदी पर भूपेश बघेल ने कहा कि शराबबंदी सिर्फ दुकान बंद कर देने से नहीं होगा, समाज के लोगों को जब तक शराबबंदी के प्रति जागरूक नहीं किया जायेगा, तब तक शराबबंदी संभव नहीं है। उन्होंने कहा था कि, हम नशाबंदी की तरफ बढ़ना चाहते हैं, लेकिन जब तक समाज इसमें शामिल नहीं होता, तब तक संभव नहीं है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शराब सामाजिक बुराई है- बात केवल शराबबंदी की नहीं है, हम नशाबंदी की बात कह रहे हैं। हमने कोरोना काल लॉकडाउन के दौरान देखा है। गुडाखू जैसे नशा के लिए छोटे-छोटे दुकान में पांच के डिब्बा को कई सौ रुपया में तो कहीं पचास रुपया में ख़रीद रहे थे।

### अतीक अहमद की पत्नी पर इनाम किया दोगुना

**प्रयागराज 09 अप्रैल।** प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर इनाम दोगुना कर दिया है। इनाम की राशि 25 से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है।

## छत्तीसगढ़ को तालिबान बनाने का प्रयासः साव

**कांग्रेस नेता ने कहा- तालिबान से तुलना कर छत्तीसगढ़ महतारी का किया अपमान**

**रायपुर,9 अप्रैल।** बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हुए विवाद पर सियासी पारा गरमा गया है. मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच छीटाकशी का दौर जारी है. घटना को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, छत्तीसगढ़ को तालिबान बनाने का प्रयास हो रहा है. जिसको लेकर अब कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने हमला बोला है. बेमेतरा की घटना दुर्भाग्य जनक है. स्थिति को नियंत्रण में किया जा चुका है. लाशों पर राजनीति कर रहे गिद्ध प्रवृत्ति के राजनीतिक दल सांप्रदायिकता की आग को भड़काने के लिए गलत बयानबाजी कर रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्तरहीन बयानबाजी कर रहे हैं. कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह परिहार ने कहा, छत्तीसगढ़ की तुलना तालिबान से करके मां भारती और छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया है.बेमेतरा में हुई घटना को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, सरकार



के संरक्षण में इस प्रकार की घटना हो रही है. छत्तीसगढ़ को तालिबान बनाने का प्रयास हो रहा है. युवक की हत्या को हृदय विदारक और निंदनीय घटना बताया. साथ ही कहा कि, जिस तरह निर्दोष युवक की निर्मम हत्या की गई है दरिंदगी की हद है. प्रदेश में लगातार इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही हैं. वहीं बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह परिहार ने कहा, छत्तीसगढ़ की तुलना तालिबान से करके मां भारती और छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया है. छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल है, माता कौशल्या का मायका है, माता कर्मा और बूढ़ा देव की पूजा होती है, कबीर के बताए रास्ते पर लोग चलते हैं. एक राजनीतिक हताशा के चलते भाजपा ने समस्त प्रदेशवासियों का अपमान किया है. भाजपा को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए. जिस प्रदेश में भाजपा सत्ता में नहीं होती है वहां दंगा और जातिवाद उन्माद फैलाकर राजनीति करना चाहती है. भाजपा का यह बयान निंदनीय है.

## कोरवा परिवार आत्महत्या मामले में भाजपा मिलेगी राष्ट्रपति से

**जशपुर ,9 अप्रैल।** जशपुर जिले के बगीचा विकासखण्ड के सामरबार पंचायत के झुमराडूमर में एक पहाड़ी कोरवा परिवार के सामुहिक आत्महत्या मामले को लेकर राजनीति जहां तेज हो गयी है, वहीं भाजपा भी आक्रामक होकर सरकार की संवेदना मरने की बात कहकर हमलावर है। यह बताना आवश्यक है कि कल यानी 7 अप्रैल को मामले को लेकर पीड़ित परिवार से मिलने के बाद भाजपा का जांच दल और नेता प्रतिपक्ष ग्राम झुमराडूमर पहुंचे थे, जहां नेता प्रतिपक्ष ने मामले को लेकर राष्ट्रपति से मिलने की बात कह कर हड़कंप मचा दिया है। भाजपा जहां मुख्यमंत्री को संवेदनहीन बताते हुए सरकार पर आरोप लगाते हुए यहां तक कह दिया कि मुख्यमंत्री जशपुर आये थे, अम्बिकापुर भी, इस गांव के उपर से होकर उनका चॉपर भी गुजरा, पर मुख्यमंत्री ने यहां इस गांव और परिवार से मिलकर संवेदना के दो शब्द तक न कह पाए, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जाकर 50 लाख देते हैं, पर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र इस पीड़ित पहाड़ी कोरवा परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता तक नही दे सके, और उधर विधायक श्रद्धांजलि योजना के पंचायत से मिलने वाले 10 हजार को लेकर, परिवार को दिया और अपनी जेब से देने की बात कह कर ढोल नगाड़ा बजा रहे हैं। यहां तक गांव पहुंचने के लिए रास्ता नही , पीने को पानी की व्यस्था तक नही..! हालांकि 15 साल तक भाजपा ने भी यहां शासन किया है और 35 साल उनकी पार्टी के विधायकों ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। जहां भाजपा ने इस आत्महत्या को आर्थिक तंगी के साथ रोजगार का अभाव एवम दानों का परिवार को मोहताज बताकर हमलावर है, और अब राष्ट्रपति से मिलने की बात भी नेता प्रतिपक्ष ने कह दी।

## खुली कार में टीआई का विदाई जुलूस

**डोंगरगढ़,9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के एक टीआई का तबादले के बाद बिदाई जुलूस की चर्चा जोरों पर है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के लोगों ने किसी बड़े पुलिस अधिकारियों की भी ऐसी बिदाई नहीं देखी। कितने दमदार एसपी, आईजी अच्छे काम करके बिदा हो गए...मगर कभी उनका जुलूस नहीं निकला। मगर इस टीआई का जलवा देखकर बड़े-बड़े पुलिस अधिकारी शर्मा जाएंगे। बता दें, डोंगरगढ़ के टीआई सुरेंद्र स्वर्णकार का बिलासपुर ट्रांसफर हुआ है। उनका सिंगल आर्डर निकला है। सरकार में सिंगल आर्डर तभी निकलता है, जब किसी मुलाजिम के खिलाफ कार्रवाई की जाती है या फिर बड़ा एप्रोच लगा हो। अब सिंगल आर्डर निकला है, तो जुलूस तो बनता ही है। सड़क को जाम कर पुलिस ने टीआई का जुलूस निकाल दिया। बताते हैं, गाड़ी भी टीआई की पर्सनल है। बिलासपुर आरटीओ की गाड़ी का नम्बर सीजी 102030 नम्बर है। टीआई साहब कार की सन रुफ खोलकर वर्दी में काला चश्मा पहनकर हटाकर खड़े हैं। कभी वे मुस्कुरा रहे, कभी लोगों को हाथ जोड़ रहे हैं तो कभी हाथ हिला रहे हैं। कार को चारों तरफ से घेरे पुलिस कर्मी भांगड़ा कर रहे हैं। टीआई साहब इससे पहले भी बिलासपुर में पोस्टेड रह चुके हैं। लॉकडाउन के समय एक पेट्रोल पंप कर्मी की पिटाई के बाद उन्हें लाइन अटैच किया गया था। उसके कुछ दिन बाद सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोगों के वकील के




साथ दुर्व्यवहार के मामले में बीजापुर ट्रांसफर हुआ। लेकिन आदेश पर अमल नहीं हो पाया। ट्रांसफर रुक गया।कुछ दिन बाद राजनांदगांव ट्रांसफर हो गया और अब फिर से बिलासपुर।

## बिरनपुर मामले में 10 को छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान

**रायपुर,9 अप्रैल।** बेमेतरा जिला के साजा के गांव बिरनपुर में शनिवार को युवक की हत्या के मामले ने सियासी रंग ले लिया है. विश्व हिन्दू परिषद ने सरकार से घटना की न्यायिक जांच की मांग करने के साथ 10 अप्रैल को छत्तीसगढ़ बंद का ऐलान किया है.

साजा की घटना पर विश्व हिन्दू परिषद की ओर से प्रेस वार्ता ली गई. परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष संत चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि साजा की घटना के विरोध में किए जा रहे सोमवार को छत्तीसगढ़ बंद के लिए व्यापारियों और संगठनों से समर्थन मांगा है. सुबह 5 बजे से सभी लोग निकलेंगे. बंद को सफल बनाने के लिए सभी लोगों का आह्वान किया गया है. इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चक्काजाम किया जाएगा.

चंद्रशेखर वर्मा ने सरकार पर निशाना




साधते हुए कहा कि विजय नगरम में पत्थर बरसाए जाते हैं, डंडे बरसाए गए. चिरमिरी में भी ऐसी ही घटना हुई है. जहां प्रशासन को उचित कार्रवाई करनी चाहिए, वो करते नहीं हैं. कवर्धा में झंडे का अपमान करते हैं, महिला की चोटी काटते हैं. राजनांदगांव में भी ऐसी ही हुआ है, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि हिंदू समाज को गाली देकर वीडियो वायरल करना इनकी मानसिकता है. हिंदू समाज की मानसिकता के कारण ही देश सुरक्षित है. उत्तर प्रदेश अब जिहाद की घटनाएं नही हो रही हैं. एक नेतृत्व के बदलने से प्रदेश बदल जाता है, और देश सुरक्षित हो जाता है. उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे तत्वों को सरकार प्रोत्साहित कर रही है. हिंदू समाज को दबाने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जिहादी मानसिकता वाले ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सरकार इसके लिए जिम्मेदार है।

## मुठभेड़ में चार नक्सलियों के घायल होने का दावा

**सुकमा ,9 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है। खबरों के अनुसार सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन से चार नक्सलियों को गोली लगने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि कुछ नक्सलियों की गिरफ्तारी भी हुई है। साथ ही जवानों ने मौके से नक्सलियों का वायरलेस सेट भी बरामद किया है। सुकमा के पालामडगु इलाके में तड़के सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दरअसल, शनिवार को सुकमा में व्यापारियों से मारपीट कर बाइक व सामान लूटने के बाद सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। रविवार तड़के सर्चिंग पर निकले सुरक्षा बलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों की फायरिंग का सुरक्षा बलों के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में तीन-चार नक्सलियों को गोली लगने का दावा किया है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा व्यापारियों से लूटा हुआ सामान, एक बाइक के साथ कई नक्सल सामग्री बरामद की है। फिलहाल इलाके में डीआरजी व पुलिस जवानों की सर्चिंग जारी है। सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित पालामडगु गांव में हर रोज की तरह शनिवार को सामान बेचने गए तीन व्यापारियों के साथ नक्सलियों ने मारपीट की और मोटरसाइकिल भी छीन ली। मारपीट से घायलों को अस्पताल ले जाते समय एक युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। दो दोरनापाल अस्पताल में का इलाज चल रहा है।

# सचिन पायलट अशोक गहलोत के विरोध में उतरे

**कहा-भ्रष्टाचार के खिलाफ करेंगे एक दिवसीय अनशन**



**जयपुर,9 अप्रैल।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जयंती के मौके पर एक दिवसीय अनशन करेंगे। इस दौरान जयपुर के शहीद स्मारक पर सचिन पायलट अनशन पर बैठेंगे। इस अनशन करने के ऐलान से सचिन पायलट ने साफ कर दिया है कि उन्होंने राजस्थान में अपनी ही सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस विधायक सचिन पायलट का कहना है कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है जिसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घेरने के लिए सचिन पायलट ने ये कदम उठाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहने के दौरान जो भी घोटाले हुए हैं उन्हें अशोक गहलोत ने दबा दिया है। पायलट ने आरोप लगाया कि अशोक गहलोत ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ सांठगांठ की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों में जनता से वादा किया था कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जाएगी। मगर सत्ता में आने के बाद अपने वादों को अशोक गहलोत ने पूरा नहीं किया और भ्रष्टाचार के सभी मामलों को दबा दिया। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार मिटाने का वादा किया था मगर उस स्तर पर कोई काम नहीं हुआ है। ऐसे में आगामी 11 अप्रैल को शहीद स्मारक पर एक दिवसीय अनशन करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस अनशन के जरिए उन बातों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा जिन पर अब तक काम नहीं हुआ है। बता दें कि सचिन पायलट ने अशोक गहलोत को दो चिट्ठियां भी लिखी है। इन चिट्ठियों में उन्होंने कहा कि आपने जो आरोप लगाए थे उनकी जांच करवाई जानी चाहिए। हालांकि ऐसा कुछ नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए हमने काफी संघर्ष किया है। इसके बाद ही हम सत्ता में आए है। हमारी विश्वसनीयता तब साबित होगी जब हम अपने द्वारा लगाए गए आरोपों को सिद्ध कर देंगे।

## घर खाली करने नोटिस, बच्चों के साथ पिता ने खाया जहर, बाप-बेटी की मौत

**रामपुर,9 अप्रैल।** एक परिवार के लिए आफत की पहाड़ टूट पड़ा. आर्थिक तंगी से परेशान पिता को अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन ने नोटिस भेज दी. हलकान होकर बाप ने अपने नाबालिग बच्चों को जहर देकर और खुद खा लिया. इसके एक दिन बाद शनिवार को रामपुर में एक 54 वर्षीय व्यक्ति और उसकी आठ वर्षीय बेटी की मौत हो गई. वहीं बेटे की हालत गंभीर है. पुलिस ने कहा कि घटना के समय पिता सलीम अपनी बेटी और 10 साल के बेटे के साथ घर पर अकेला था. उसकी पत्नी मेहताब ने कहा, सलीम ने खुद खाने से पहले बच्चों को चूहे मारने की दवा खिलाई. सलीम और इरम की मौत हो गई है, जबकि बेटे की हालत गंभीर है. सलीम और मेहताब के सात बच्चे हैं और आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं. उनका इकलौता बेटा थैलेसीमिया से पीड़ित है. मेहताब ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन द्वारा 2021 में अतिक्रमण के नाम पर उसके घर को खाली करने के नोटिस देने के काद सलीम दबाव में था. स्थानीय अधिकारियों ने आरोप से इंकार किया है.

एक नजर

## सेक्टर-9 हॉस्पिटल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया




**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई इस्पात सयंत्र के तत्वाधन में पण्डित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द( सेक्टर 9 अस्पताल ) में विश्व स्वास्थ्य दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ ) डॉ. एम रवीन्द्रनाथ तथा विशिष्ट अतिथियों में डॉ. प्रमोद बिनायाके, डॉ. विनिता द्विवेदी, डॉ कौशलेन्द ठाकुर, डॉ राजीव पाल उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. रवीन्द्रनाथ के द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यों का उल्लेख किया गया। विश्व स्वास्थ दिवस के द्वारा जारी स्लोगन हेल्थ फॉर आल पर डॉ. प्रमोद बिनायाके द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। डब्ल्यूएचओ विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना दुनिया के देश एक साथ आए और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए इस संस्था का निर्माण किया गया। कार्यक्रम में स्वछता विभाग के उत्कृष्ट एवं बेहतर कार्य हेतु निम्नलिखित कर्मियों को पुरुस्कृत किया गया। पी. योहन, श्रीमती सीता बाई सिन्हा, सेवक राम, इलायची सोना, अनिता ठाकुर, रोही दास, श्रीमती बिमला बाई नेताम, राजेश्वरी साहू, प्रतिमा भारती, सूपरवायजर मॅथुराम साह, श्रीमती रांसमैरी इन सबको पुरुस्कृत किया गया। स्वागत भाषण श्रीमती पारोमिता दास गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन बीजी पिल्ले के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से गजेन्द शेखर, उपल पवार एवं नर्सिंग सिस्टर अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सुबोध कुमार देशपांडे के द्वारा किया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार मोहन साहू के निधन पर मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

**भिलाई 9 अप्रैल ।** वरिष्ठ पत्रकार मोहन साहू के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्री साहू भिलाई के वरिष्ठ और अनुभवी पत्रकारों में रहे हैं। कल भी वे भेंट मुलाकात कार्यक्रम पर आयोजित प्रेस वार्ता में शामिल होने आए थे। मुख्यमंत्री ने साहू के निधन पर शोक व्यक्त करने के साथ ही परिवारजनों के प्रति सांत्वना भी व्यक्त की है।

## मुख्यमंत्री ने शहीद चुम्मन यादव की प्रतिमा का किया अनावरण


**दुर्ग, 9 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दुर्ग वैशाली नगर विधानसभा के छावनी के तिरंगा चौक में शहीद चुम्मन यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने शहीद चुम्मन यादव की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वन एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, स्थानीय विधायक श्री देवेंद्र यादव, भिलाई महापौर श्री नीरज पाल और उनकी माता श्रीमती राधाबाई यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि शहीद श्री चुम्मन यादव जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में दुश्मनों से युद्ध करते हुए 30 अगस्त 2014 को अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। प्रतिमा की स्थापना के लिए यादव समाज द्वारा मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मुख्यमंत्री ने वन मंत्री, विधायक और महापौर के साथ सीखा ऑक्टेव रुल,

**रायपुर. 9 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज दुर्ग के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में करीब 45 बरस बाद एक बार फिर दसवीं के छात्र बने। स्कूल के नवनिर्मित स्मार्ट क्लास रुम में छात्राओं के बीच बैठकर उन्होंने वन मंत्री मोहम्मद अकबर, शहर विधायक अरूण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ रसायन शास्त्र की क्लास अटेंड की। दसवीं की छात्रा भूमिका यादव ने केमिकल बॉन्ड वाला चैप्टर पढ़ाया। मुख्यमंत्री श्री बघेल सहित कक्षा के सभी विद्यार्थियों को उसने ऑक्टेव रुल सिखाया। इस बार मुख्यमंत्री अंग्रेजी माध्यम में पढ़े।दीपक नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आज यह नजारा दिखा। भेंट-मुलाकात के लिए दुर्ग पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज इस स्कूल के नवनिर्मित भवन का भी लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद उन्होंने वहां छोटे बच्चों के लिए बनाए गए एक्टिविटी रुम, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास रुम तथा भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र व जीव विज्ञान की सर्वसुविधायुक्त, सुसज्जित प्रयोगशाला का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की। स्मार्ट क्लास रुम के अवलोकन के दौरान दसवीं की छात्रा भूमिका यादव ने मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से स्मार्ट क्लास रुम में अध्यापन का डेमो दिया।

## निधन

### मोहन साहू



**भिलाई, 9 अप्रैल।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार मोहन साहू का बीती रात सुबह 9ः30 बजे के करीब दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 56 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार 10 अप्रैल को उनके गृह ग्राम तवेरा गुंडरदेही जिला बालोद में किया जाएगा। वह युवा पत्रकार कृष्ण कांत साहू के पिता थे। पत्रकार बिरादरी ने दिवंगत मोहन साहू के निधन पर शोक प्रकट किया है।

# मुख्यमंत्री ने अनेक समाजों के भवन निर्माण के लिए मंजूर की राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शनिवार शाम भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान भिलाई निवास सिविक सेंटर में विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रतिनिधि मंडलों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मौर्य कुशवाहा समाज के आग्रह पर खुर्सीपार तिराहे पर सम्राट अशोक की मूर्ति का सौंदर्यीकरण के लिए 3 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री को सिन्हा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि समाज के पास कोहका में जमीन है। मुख्यमंत्री ने सामाजिक भवन का कार्य पूर्ण करने के लिए 20 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की। इसी प्रकार आंध्र माला समाज के पास पौन एकड़ जमीन होने पर 10 लाख रूपए, महाराष्ट्रीयन तेली समाज को समाज की ज़मीन पर भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, कोसरिया यादव समाज को स्वयं की जमीन पर भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। तेलगु समाज को सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपए, राजपूत समाज को सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, कुरूद में कुर्मी समाज भवन के लिए 25 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। गुजराती समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि समाज के पास भवन है, डोम के लिए 15 लाख रूपए की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने गुजराती समाज को डोम निर्माण के लिए 15 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। भिलाई बंगाली समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बीएसपी द्वारा समाज को जमीन उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। केरला समाज को भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए और मलयाली समाज को सामाजिक भवन विस्तार के लिए 20 लाख की स्वीकृति प्रदान की। बौद्ध समाज के भवन के प्रथम तल में निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रूपए, उरांव समाज को भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, राजभर समाज को भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, तेलगु समाज बैपटिस्ट चर्च सेक्टर-6 में भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, छत्तीसगढ़ गाड़ा गंधर्व समाज को भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, सुतार समाज को भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, महाराष्ट्र मंडल समाज को वाचनालय खोलने के लिए 10 लाख रूपए, पवार समाज के भवन में अतिरिक्त कक्ष के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने तेलगू समाज के भवन में फर्नीचर के लिए 3 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने आए मुस्लिम समाज भिलाई-3 के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा क्षेत्र में कब्रिस्तान के लिए जमीन की मांग की। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में प्रतिनिधि मंडल को समाज को स्थान चयन करने कहा। सतनामी समाज द्वारा सतनाम धाम के लिए काम पूरा करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सुपेला, छावनी क्षेत्र में आबादी भूमि का पट्टा देने की पहल करने कलेक्टर को निर्देश दिए। अग्रवाल समाज द्वारा स्कूल भवन निर्माण के लिए जमीन की मांग पर प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने कहा। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर लोधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई के वार्ड नंबर 47-48 के सामुदायिक भवन हेतु राशि जारी करने के लिए आभार व्यक्त किया। बेंथो समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई एवं वैशाली नगर दोनों विधानसभा क्षेत्र में भवन निर्माण की स्वीकृति देने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





## राजभर समाज ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर व्यक्त किया आभार

**भिलाई, 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राजभर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भिलाई निवास में भेंट मुलाकात की, जिसमें छत्तीसगढ़ राजभर समाज के अध्यक्ष नरसिंह राजभर, डी. डी प्रसाद, बी. एल. राजभर, सूरज राजभर, राधेश्याम राजभर, सुरेश राजभर, सुभाष राजभर, तूफानी राजभर द्वारा मुख्य विषय समाज के लिए शीघ्रता शीघ्र भवन निर्माण की आवश्यकता रखी गई द्य जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राजभर समाज के भवन निर्माण हेतु 10,00,000/-(दस लाख रूपये ) की घोषणा की गयी द्य वहाँ उपस्थित भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव, नगर पालिका निगम भिलाई महापौर नीरज पाल से शीघ्र ही भवन निर्माण प्रारम्भ होने की बात कहीं गई द्य भवन निर्माण हेतु घोषित राशि के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, नगर पालिका निगम भिलाई महापौर नीरज पाल के आभार प्रकट करते हुए छत्तीसगढ़ राजभर समाज के प्रदेश अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने कहा है कि भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो जाने से समाज को अपने सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गति देने में सुविधा होगी। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापना के लिए प्रस्ताव पारित किया है जिस पर काम चल रहा है। नरसिंह राजभर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राजभर महासभा अपने उद्देश्यों को लेकर लगातार आगे बढ़ रहा है।



## बीएसपी और क्रेडा के बीच समझौता स्थापित किए जाएंगे नए सोलर प्लांट

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र और भारत सरकार के क्रेडा के बीच एमओयू हस्ताक्षर किया गया। बीएसपी की ओर से हस्ताक्षरकर्ता मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले थे और क्रेडा की ओर से एस.ई राजीव ज्ञानी के द्वारा कार्यपालक निदेशक एवं कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय की उपस्थिति में ईडी के सभागार में 7 अप्रैल को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में मुख्य अभियंता (क्रेडा) संजीव जैन, मुख्य महाप्रबंधक एस वी नंदनवार, मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडेय, मुख्य महाप्रबंधक टी कृष्ण कुमार, महाप्रबंधक, महाप्रबंधक दिनेश कुमार, महाप्रबंधक विष्णु पाठक, महाप्रबंधक एच एस बैंस, उपमहाप्रबंधक ए के चौहान शामिल थे। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्तर पर हरित ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता है। राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (आईएनडीसी) के एक हिस्से के रूप में, भारत ने वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म-ईंधन स्रोतों से 40त्र तक विद्युत शक्ति की स्थापित क्षमता ( का हिस्सा बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत सरकार ने ऑन-ग्रिड रूफ टॉप सोलर सिस्टम की स्थापना पर उपभोक्ताओं को सीधे सब्सिडी प्रदान करके भी पहल की है। इस योजना को आवासीय इकाई में रूफ टॉप सौर स्थापना के लिए एमएनआरई चरण-2 योजना के रूप में जाना जाता है।

## पंडरिया विधायक ने किया फोक नदी पर पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 9 अप्रैल।** पंडरिया ममता चंद्राकर के कर कमलों से मोहगांव फोक नदी पर आधा करोड़ की लागत से पुलिया निर्माण हेतु भूमिपूजन कर कार्यारंभ हुई । विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहगांव के पास स्थित सोनपुर में फोक नदी पर राजो दाई पहुंच मार्ग पर पंडरिया विधायक ममता/मनोज चंद्राकर के अथक प्रयास से पुलिया निर्माण के लिए 51.52 लाख रु की स्वीकृत छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड द्वारा द्वारा स्वीकृति प्रदान हुई है विभाग द्वारा पुलिया निर्माण कार्यारंभ के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया जिसमे बतौर मुख्यातिथि पंडरिया विधायक ममता/मनोज चंद्राकर के करकमलों से भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।ग्रामीणों एव क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग राजो दाई पहुँच मार्ग पर पुलिया निर्माण था जिसे विधायक ममता/मनोज चंद्राकर ने गंभीरता से लेते हुए भूपेश सरकार से आग्रह कर स्वीकृति प्रदान की मांग कर स्वीकृति दिलाई आपको बताते चले जिले के रबेली और सोनपुर के मध्य सुप्रसिद्ध राजो दाई की मंदिर है पर्व पर श्रद्धालुओ को दर्शन करने आवागमन पर परेशानी होती थी फोक नदी पर पुलिया निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रवासी एव श्रद्धालुओ को आवागमन में राहत एव सुविधा मिलेगी ग्रामीणों ने कहा की पूर्व में वर्षो से तत्कालिक जनप्रतिनिधियों से नदी में पुलिया की मांग की जा रही थी पर कई जनप्रतिनिधि आए और चले गए पर उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन ही मिला पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष है वही ग्रामीणों व क्षेत्रवासियो ने विधायक ममता/मनोज चंद्राकर के प्रति आभार जताया ।



## कैबिनेट मंत्री की विकास नीति से प्रभावित होकर कवर्धा के 120 भाजपाई शामिल हुए कांग्रेस में



**कवर्धा 9 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज फिर जिला भाजपा को जोर का झटका दिया है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर भाई ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रभाव क्षेत्र वार्ड 19 एवं 22 ठाकुर पारा में बड़ी सेंध लगाते हुए भाजपा के लगभग 120 से अधिक जमीनी कार्यकताओं को कांग्रेस का सदस्य बनाया है। भाजपा के सभी कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री श्री अकबर भाई के विकास नीति और उनके सरल, सहज तथा विनम्र स्वभाव से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता लिया है। ठाकुर पारा नगर पालिका कवर्धा वार्ड क्र. 19 एवं 22 के लगभग 120 भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने कांग्रेस का दामन थामा । मंत्री अकबर के निर्देश पर गुड्डू ठाकुर के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहम्मद कलीम और पार्षद अशोक सिंह , यूवा कांग्रेस नेता मोहित माहेश्वरी शहर अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकताओं को कांग्रेस के तिरंगा गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया । कांग्रेस सदस्यता ग्रहण के दौरान ओबीसी महासभा अध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर , टेक सिंह जांगड़े , पार्षद सुनील साहू और मीडिया प्रभारी गोरेलाल चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

# डामर फैक्ट्री में काम करने वाले चार मजदूर एक ट्रैक्टर के पलटने से घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई 9 अप्रैल।** उतई थाना क्षेत्र परेवाडीह के डामर फैक्ट्री में काम करने वाले चार मजदूर एक ट्रैक्टर के पलटने से घायल हो गए हादसे में दो लोगों को ज्यादा गंभीर चोट लगी और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है वहीं बाकी दो लोगों को सामान्य चोट लगी है सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं वे लोग मोरिद से डुंडेरा आ रहे थे रास्ते में डुंडेरा के पास ट्रैक्टर पलट गया ट्राली में भी तीन मजदूर सवार थे, लेकिन उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं लगी उतई पुलिस ने सभी श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया है उतई पुलिस ने बताया कि सभी मजदूर अमर बिल्डर्स के ग्राम परेवाडीह स्थित डामर फैक्ट्री में काम करते हैं वे लोग शाम को ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर वापस डुंडेरा लौट रहे थे डुंडेरा में सभी लोग किराये के मकान में रहते हैं फारुख ( 19 ) और एमडी कदूयीम अली ( 23 ) व एक अन्य मजदूर ट्राली में बैठे थे इस कारण से उन्हें चोट नहीं लगी वहीं ट्रैक्टर के इंजन की तरफ ड्राइवर शमशुद्दीन ( 22 ) के साथ तीन मजदूर मासूम ( 22 ), अब्दुल जब्बार ( 20 ) और कासिम (18) भी बैठे हुए थे। ट्रैक्टर के पलटने से कासिम के सिर, माथे, चेहरे, सीने, पैर और हाथ में गंभीर चोट आई वहीं चालक शमशुद्दीन के चेहरे और पूरे शरीर पर चोट लगी है इन्हीं दोनों की हालत ज्यादा गंभीर है वहीं अब्दुल जब्बार और मासूम को मामूली चोट लगी है सभी मजदूर व चालक मालदा टाउन फुकुड़िया पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं घटना दोपहर करीब एक बजे के आसपास की है सूचना मिलते ही उतई पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया अभी तक इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं की गई है।

## मुख्यमंत्री ने पटेल परिवार के घर में छत्तीसगढ़िया भोजन का लिया आनंद

**दुर्ग, 9 अप्रैल।** भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंटमुलाकात अभियान के तहत आज दुर्ग जिले के भिलाई नगर विधानसभा के छावनी चौक पहुंचे। यहां श्रीमती लक्ष्मी पटेल एवं परिवार के आतिथ्य में मुख्यमंत्री उनके घर भोजन के लिए पहुंचे, जहां पटेल परिवार ने घर के मुख्य द्वार पर तिलक-आरती एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर और स्थानीय विधायक श्री देवेन्द्र यादव भी उपस्थित थे ।मुख्यमंत्री ने पटेल परिवार के सदस्यों द्वारा सादगी के साथ परोसे गए स्वादिष्ट छत्तीसगढ़िया भोजन का स्वाद चखा, मुख्यमंत्री को भोजन में चावल, दाल, रोटी के साथ मुनगा आलू की सब्जी, कांदा भाजी, पलक मटर की सब्जी, कोंचाई कुम्हड़ा और जिमिकांदा की सब्जी, सलाद और आम की चटनी और खीर परोसा।

## मुख्यमंत्री ने सिविक सेंटर में अर्जुन रथ परिसर का किया लोकार्पण



**भिलाई, 9 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेश व्यापी भेंट मुलाकात अभियान के तहत आज दुर्ग जिला के भिलाई नगर विधानसभा के सिविक सेंटर में अर्जुन रथ परिसर का लोकार्पण किया। उन्होंने वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ,विधायक देवेंद्र यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ परिसर का अवलोकन भी किया। वार्ड नंबर 64 स्थित सिविक सेंटर में 1 करोड़ से अधिक की लागत से अर्जुन रथ परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है। जिसमें परिसर का बाउंड्री वाल, पाथ-वे, रथ का नवीनीकरण, लैंडस्कैपिंग, लाइटिंग एवं ग्रिल आदि के कार्य शामिल हैं।

# जंगल की वादियों के बीच नन्हें किसलयों ने बिखेरी मुस्कान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 9 अप्रैल।** जंगल मानव संस्कृति की धरोहर हैं,'' इस उक्ति को केन्द्र में रखकर शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा शकुन्तला विद्यालय आडिटोरियम में शारदा विद्यालय एवं शकुन्तला विद्यालय के नन्हे -मुन्नों के लिए जंगल सफारी थीम के तहत् कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन तीन दिवसीय गतिविधियों के मध्य विद्यार्थियों में नवीन उत्साह बिखेरते रहे शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर माननीय संजय ओझा। अभ्यारण्य के इस उत्सव में उन्होंने मुख्य अतिथि की भूमिका भी निभाई। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को पुष्प हार पहनाकर किया गया। इसके पश्चात् बाल-वाटिका के विद्यार्थियों को बैलगाड़ी के माध्यम से जंगल का रूप लिए आडिटोरियम में प्रवेश कराया गया। जंगली जानवरों के प्रतिरूपों के मध्य विद्यार्थियों ने कई मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। जंगल की समझ को विकसित करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को वन्य जीवन पर आधारित फिल्म भी दिखाई गई। जंगल का हमारे जीवन में महत्व बताते हुए शिक्षिकाओं ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इसी सुरम्य वातावरण में विद्यार्थियों ने भोजन ग्रहण किया। सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुन्दरता एवं शिक्षा के इस मेले में विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ जोड़ा गया, उसका महत्व समझाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय ओझा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जंगल वह सच है जिसके बिना मानव का हर कार्य अधूरा है। वन तथा वन्य पशु ही प्रकृति के चक्र को व्यवस्थित रखते हैं। उनका आदर करते हुए हमें उन्हें हानि नहीं पहुँचानी चाहिए। अरण्य विहार के इस शैक्षिक पर्व में प्राचार्य विपिन कुमार (शकुन्तला विद्यालय), मैनेजर ममता ओझा (शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर), व्ही. दुबे, अभय दुबे, प्राचार्या सुतापा सरकार (शारदा विद्यालय रिसाली), प्राचार्या आरती मेहरा (शकुन्तला विद्यालय क्र-2), उपप्राचार्या जी. रंजना कुमार, अनिता नायर, हेड मिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस बलजीत कौर, रेन्जिनी एम.आर. गतिविधि प्रभारी पूजा बब्बर, राजेश वर्मा, प्रतीक ओझा, वनिता ओझा एवं प्री-प्रायमरी शिक्षक-शिक्षिकायें भी भागीदार बने ।

## बिना अधिभार के 31 अप्रैल तक टैक्स लिया जाएगा



**दुर्ग 9 अप्रैल।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत के अंतर्गत टैक्स जमा करने 31 अप्रैल तक समय अब तक टैक्स की राशि जमा नहीं करने वाले शहरवासियों को अधिभार से बचने के लिए नगर पालिक निगम ने एक और मौका दिया है। कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि बिना अधिभार के 31 अप्रैल तक टैक्स लिया जाएगा। इसके लिए काउंटर खुला रहेगा। निगम कमिश्नर ने बताया कि वर्ष 2022-23 का टैक्स जमा करने के लिए नागरिकों,व्यापारियों सहित अन्य करदाताओं को 31 मार्च तक समय दिया गया था। करदाताओं ने अब तक टैक्स जमा नहीं किया है।राजस्व विभाग के द्वारा बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद करदाताओं से 1000 रुपए शास्ती शुल्क और 15 प्रतिशत अधिभार लिया जाता है। किसी कारण से निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने वालों से इस महीने तक किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह योजना केवल वर्ष 2022-23 के लिए लागू है। पुराने बकायादारों को टैक्स जमा करने में किसी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। उन्हें अधिभार के साथ राशि जमा करनी होगी।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई इस्पात सयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग, नगर सेवाएं ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को स्वच्छता अभियान के साथ मनाया। जन स्वास्थ्य विभाग ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 से 15 अप्रैल, 2023 तक आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की षुरूआत 7 अप्रैल को सिविक सेंटर, भिलाई में स्वच्छता अभियान से की। इस अभियान को संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक जे वाए सपकाले ने प्रारंभ की। इस अवसर पर संयंत्र के महाप्रबंधक विष्णु के पाठक और उप महाप्रबंधक डॉ. एन के जैन और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। स्वच्छ भिलाई स्वस्थ भिलाई के नारे (स्लोगन) के उद्देश्य को पूरा करने के लिए 07 से 15 अप्रैल तक विभिन्न आयोजनों के साथ विशेष सफाई एवं जन जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वच्छता सप्ताह मनाया जाना है। पहले दिन विगत शुक्रवार 7 अप्रैल को पुराने सिविक सेंटर भिलाई में विशेष साफ सफाई कार्य किया गया। इसके बाद 8 अप्रैल 2023 को पोलिथीन के विरुद्ध जागरूकता अभियान सेक्टर-6 ए मार्केट में किया गया। इसी कड़ी में 9 अप्रैल को रतन बार के समीप जनभागीदारी से सफाई अभियान, 10 और 11 अप्रैल को क्रमशः बोरिया मार्केट और छत्तीसगढ़ सब्जी मंडी रुआबांधा में पोलिथीन के विरुद्ध जागरूकता अभियान, तथा 12 एवं 13 अप्रैल को क्रमशः सेक्टर 4 ए मार्केट और ज़ोनल मार्केट सेक्टर 10 में विशेष साफ सफाई कार्य का आयोजन किया जाना है। अंतिम दिन 15 अप्रैल को सी मार्केट सेक्टर 6 में पोलिथीन के विरुद्ध जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम का समापन 17 अप्रैल 2023 को कलामंदिर में किया जाना प्रस्तावित है।



एक नजर

## कैट एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सायबर क्राइम पर कार्यशाला आयोजित




रायपुर 9 अप्रैल। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सायबर क्राइम पर कार्यशाला कैट के प्रदेश कार्यालय में हुआ। श्री रोहित मालेकर जी, निरीक्षक, एंटी क्राइम/साइबर, यूनिट रायपुर ने बताया कि भारत में सायबर क्राइम और ऑनलाइन फ्राड के केस प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। और जानकारी न होने के कारण लोग इसके शिकार होते है। वो कुछ नहीं कर पाते। सायबर क्राइम के बारे में तो आपने सुना ही होगा लेकिन क्या आप जानतें है कि सायबर क्राइम क्या है। और इससे कैसे बचे। जब इन्टरनेट को विकास किया गया होगा तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि भविष्य में इसका गलत इस्तेमाल किया जायेगा और ये बताने की नहीं है, कि अब इन्टरनेट के जरिये से सायबर स्पेस में जो भी क्राइम होते है। उन्हे सायबर क्राइम कहते है। इसके अनाम प्रकृति के कारण ही इसकी शुरूआत हुई थी। सायबर क्राइम एक ऐसा अपराध है, जिसमें कम्प्यूटर का उपयोग ऑनलाइन अपराध (हैकिंग, स्पैमिंग, फिशिंग) करनें के लिए किया जाता है। सीधे शब्दों में किसी कम्प्यूटर जो अपराधियों इन अवैध गतिविधियां को करते है। उन्हे हैकर या क्रैकर कहा जाता है। चूंकि हैकर सायबर क्राइम करने के लिए कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते है। आपने देखा भी होगा की कोई भी प्रोडक्ट हो उसका नकली वर्शन उससे पहले मार्किट में आ जाता है। कोई भी साफ्टवेयर हो उसका फ्री वर्शन या क्रैक वर्शन जरूर मिल जाता है। कम्प्यूटर में कई प्रकार के अपराध भी किये जाते है। स्पैमिंग, फिशिंग, हैकिंग, जानकारी चोरी करना, वायरस फैलाना, साफ्टवेयर पाइरेसी, फर्जी बैंक काल, अफवाह फैलाना, सायबर बुलिंग जानकारी मिटाना, फेरबदल करना, आदि।

## हनुमान जन्मोत्सव मनाया



रायपुर 9 अप्रैल। हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया शकुंतला फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ की सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा कलेक्टर परिसर गार्डन रायपुर स्थित बापू की कुटिया में हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही भक्तिमय और धूमधाम रुप से आयोजित किया । संस्था ने यह आयोजन वरिष्ठ जनों के साथ मनाया । सभी वरिष्ठजनों और सदस्यो ने सुंदरकांड पाठ कर और भजन गा सुमधुर प्रस्तुति दी । बच्चों के लिए साथ ही रामायण प्रशानवली का आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में शकुंतला ठाकुर , अम्मा जी, गोविन्द अग्रवाल, धनश्याम , स्मिता सिंह,हासी बेनर्जी , डाक्टर अनुश्री पाठक,उमा स्वामी, सुषमा बग्गा, कल्पना,विजया स्वामी, दिया,वैभव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## परिक्षेत्र साहू समज की कार्यशाला में कई विषयों की जानकारी दी



अंवरी 9 अप्रैल। परिक्षेत्र साहू समाज दरबार के द्वारा साहू भवन बिरेझर में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें महिला सशक्तिकरण, नशा उन्मूलन ,शोक कार्यक्रम, सगाई विवाह, धर्मांतरण, टूटते रिश्ते बिखरते परिवार, मोबाइल का उपयोग, समाजिक नियमावली, योग और युवा के बारे में जानकारी दी गई जिसमें जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने कहा कि महिला वर्ग को यथोचित सभी क्षेत्रों में सम्मान व अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। नशा पान करना हमेशा नुकसानदायक होता हैं अतः कोई भी कार्यक्रम उत्सव या वक्तिगत जीवन से नशा का परित्याग करें। समाजिक कार्यक्रम या बैठक में नशा पान कर उपस्थित होने वालों के प्रति दण्ड का प्रावधान किया जाए। परिवार व निकटतम रिश्तेदार को छोड़कर कफन के बदले दान पेटी में अंशदान करें। विधवा महिला को शाड़ी के बदले रूपया पैसा भेट करें तथा भोज में मीठा प्रतिबंधित होना चाहिए। ललित चौधरी ने कहा कि सगाई में केक काटना पूर्ण रूपेण बंद करें। केवल अंगूठी पहनाई जाए। संख्या पर नियंत्रण व पंजीयन अवश्य करायें।बरात दिन में सही समय पर जायें, विवाह गोधुली बेला सम्पन्न करायें। नेंग - नत्ता में जूता लुकाना प्रतिबंधित करें तथा बेटी- दमाद आदि को छोड़कर कपड़ा बाँटना बंद करें।लगन प्रज्ञा पुत्रों (गायत्री परिवार) द्वारा सम्पन्न करायें । तहसील कुरूद साहू समाज अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि प्रतिदिन घर में पूरे परिवार एक साथ अपने इष्ट की संध्या आरती करें। माँ कर्मा की सामूहिक आरती समाजिक भवन में करें।रात्रि का भोजन परिवार के सभी सदस्य एक साथ करें। प्रतिदिन परिवारिक चर्चा हेतु 15 मिनट का समय निर्धारित रहें। मोबाइल सिर्फ सैल्फी या फोन लगाने के लिए नहीं हैं।

# कौंदकेरा में बिजली कटौती से किसान परेशान

- भूजल जल स्तर गिरने से बोरवेल की धार हुई पतली
- रात के समय फेस को उलटा करने एवं दिन में अकारण विद्युत कटौती से किसान परेशान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






राजिम 9 अप्रैल। ग्राम पंचायत कौंदकेरा बिजली विभाग द्वारा बिजली हर 2-4 घण्टे के अंतराल में बिजली कटौती करने से ग्रामीणों व किसानों में भारी नाराजगी हैं। वही किसानों ने बताया कि इन दिनों खेतों में धान की फसल लगीं हैं। शुरू से ही इस बार बिजली कटौती व लो वोल्टेज सप्लाई से बोरवेल की धार पतली होने के साथ साथ घरों में भी बिजली की रौशनी कम हैं। साथ ही नल कनेक्शन में भी गर्मी के दिनों में पानी की समस्या हो रहीं हैं। कूलर, पंखों में भी लो वोल्टेज सप्लाई के कारण गांव ग्रामीणों में भारी के नाराजगी हैं। किसानों को पानी के लिए इस क्षेत्र में ज्यादा परेशानी हो रहीं हैं। सबसे ज्यादा देवरी खार, रोहिना खार, बहेरापाल खार, सिर्रीखुर्द खार , भैसातरा खार, कौंदकेरा ऊपर खार, ताला खार, बन्धया खार में ट्रांसफॉमर में भी सप्लाई कम होने से बोरवेल से पानी की धार कम हो गई हैं। जिससे खेतों में पानी सिंचाई नहीं होने के कारण धान की फसल मुरझाने लगे हैं। किसान लोमश साहू, कोमल साहू ने बताया कि बिजली विभाग कौंदकेरा के ऑफिस में अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति भी कम हैं। विभाग के जेई कार्यालय आते ही नहीं है, वे फिंगेश्वर में ही बैठकर कौंदकेरा कार्यालय का संचालन करते हैं। कुछ काम पड़ता है तो आवेदन देने के लिए भी फिंगेश्वर जाना पड़ता हैं।

**रामनगर कौंदकेरा रोड़ में लगे ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी, अभी तक पकड़ से बाहर :** होली पर्व के समय रामनगर कौंदकेरा रोड़ में लगे ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करके नर्सरी में छोड़ दिया गया हैं। जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को मिली तो उन्होंने सरपंच गणेश डहरिया को बताया जिस पर उन्होंने विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया। साथ ही सरपंच द्वारा राजिम थाना में ट्रांसफार्मर चोरी की जानकारी दिया गया हैं। लेकिन अभी तक चोरो का पता नहीं चल पाया हैं। बिजली की समस्या क्षेत्र में अभी भी बनी हुई हैं।

बिजली विभाग ई फिंगेश्वर उमेश चन्द्राकर ने बताया कि कौंदकेरा में बिजली की समस्या हैं। हमारे द्वारा प्रयास किया जा रहा हैं। 15 दिनों में समस्या का समाधान हो जाएगा।

# चालीसा का पाठ कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया





रायपुर 9 अप्रैल। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संस्था के द्वारा इस पर्व को इस तरह मनाया जाए कि समाज में संदेश जा सके। संस्था के द्वारा जन्मोत्सव मानने हेतु भिक्षुक पुनर्वास केंद्र का चयन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिरपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश जग्गी को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था ने अपनी संस्था के परंपरा के अनुरूप अतिथि का स्वागत फूल नही फल से किया। स्वागत उपरांत हनुमान चालीसा का पाठ कर मुख्य अतिथि का संबोधन हुआ। मुख्य अतिथि श्री सतीश जग्गी ने अपने उदबोधन में इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि हम सबका यह दायित्व है कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी पीड़ा को समझे और हरसंभव प्रयास करें की जरूरतमंदों की जितनी सेवा हो सके हम अवश्य करे। उदबोधन पश्चात भिक्षुक पुनर्वास केंद्र के सभी 43 सदस्यों को कपड़े (नए कपड़े) फल, मिठाई, टोस्ट, बिस्किट और साबुन भेंट किया गया। अंत में संस्था के अध्यक्ष श्री दलेर चावला ने आभार व्यक्त किया और मंच का संचालन डॉक्टर आकांक्षा दुबे ने किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य सर्व श्री पुरूषोत्तम वासवानी, अभिषेक सिंह, समीर ठाकुर, सत्येंद्र मिश्रा, रवि डडसेना, ओपी शर्मा, आशीष जैन, सुरेश शर्मा, मिथुन गुप्ता एवं राजकुमार शर्मा उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ धीवर समाज कुरूद परगना मगरलोड पारीक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न



अंवरी 9 अप्रैल। छत्तीसगढ़ धीवर समाज कुरूद परगना मगरलोड पारीक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन 1 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को ग्राम अंवरी में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष एवं सचिव कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया जिसमें प्रकाश धीवर कुरूद वाले ने थानेश्वर तारक गोजी वाले को 30 मतों से पराजित किया। सचिव पद के लिए सुरेश तारक ने भूखन तारक को 44 मत से पराजित किया कोषाध्यक्ष पद के लिए रिखी राम तारक में वरेंद तारक को 8 मतों से पराजित किया अधिवेशन में उपस्थित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर चुनाव अधिकारी के रूप में रामलाल पेदरिया, राम कृष्ण धीवर अध्यक्ष छ,ग, मत्स्य महासंघ, मोती हिरवानी, सेवक राम तारक ने चुनाव कार्य संपन्न किया कुरूद परगना के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन तारक ,सेवक राम तारक, डिहु ढीमर, थनेन्द तारक, गंदू तारक एवं विजय प्रत्याशी को बधाई दी ।

# महावीर जयंती पर दिव्यांगों ने व्यसनमुक्ति का संकल्प लिया

- जियो और जीने दो , भगवान महावीर के मार्ग पर चलकर 22622 वां जयपुर पैर वितरित




रायपुर 9 अप्रैल। श्री विनय मित्र मण्डल , रायपुर द्वारा भगवान महावीर के 2622 वे जन्मकल्याणक के अवसर पर 22622 वां जयपुर पैर दिव्यांग रितेश ताराम 22 वर्ष ग्राम लोआरा , गोंदिया महाराष्ट्र को प्रदान किया गया । संस्था के अध्यक्ष महावीर मालू , संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने बताया कि विगत 37 वर्षो से श्री विनय मित्र मण्डल द्वारा भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के नाम से जयपुर पैर का स्थायी वर्कशॉप पचपेड़ी नाका संचालित है । भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो , दया , करुणा , अहिंसा भाईचारे के मार्ग पर चलकर मानव सेवा का अद्वतीय कार्य किया जा रहा है । पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद व महावीर तालेड़ा ने बताया कि आज महावीर स्वामी की 2622 वी जयंती के अवसर पर जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में निर्मित 22622 वां जयपुर पैर वितरित किया गया , जिसे लगाकर दिव्यांग रितेश ने चलकर दिखाया । पूर्व अध्यक्ष राजेश क़ानूगा व दीपचंद कोटड़िया ने बताया कि आज महावीर जयंती पर सुलोचना यादव 40 वर्ष बिलासपुर , डोमेन्द्र ठाकुर 33 वर्ष बालोद , ओमीन साहू 42 वर्ष मंदिरहसौद , दुलार मॉर्कण्डे 60 वर्ष माना व रितेश ताराम को जयपुर पैर प्रदान किया गया है । श्री विनय मित्र मण्डल के अध्यक्ष महावीर मालू ने बताया कि महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर दिव्यांग भाई बहनों ने व्यसनमुक्ति का संकल्प लिया है ।

## चरणदास महंत ने ईस्टर पर्व की दी शुभकामनाएं

रायपुर, 9 अप्रैल। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को, विशेष रूप से मसीही समुदाय के लोगों को ईस्टर पर्व पर दी बधाई शुभकामनाएं । डॉ महंत ने कहा कि, ईस्टर के पवित्र दिन यीशु मसीह पुनर्जीवित हुए थे, ऐसी मान्यता है। यह दिन हमें यीशु मसीह की शिक्षाओं की याद दिलाता है। ईस्टर के अवसर पर यीशु मसीह द्वारा दी गई प्रेम, त्याग और करुणा की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए लोगों से मानवता की भलाई के लिए काम करने का आह्वान किया है।

# कलेक्टर ने लखोली स्थित प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 9 अप्रैल। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के लखोली स्थित प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का निरीक्षण किया। कलेक्टर प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण करने वाली समूह की महिलाओं से रूबरू हुए और उन्हें गोबर पेंट निर्माण के दौरान सावधानी और सर्तकता रखते हुए युनिफार्म में कार्य करने के लिए कहा। इसके लिए अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गोबर पेंट के लिए पर्याप्त आर्डर आ गए हैं। जितना भी गोबर पेंट निर्माण होगा, उसका उपयोग शासकीय भवनों के रंग-रोगन के लिए किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम श्री अरूण वर्मा उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजनांतर्गत संचालित गौठानों में गोबर क्रय, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के साथ ही गोबर से पेंट इकाई स्थापना की जा रही है। जिले के चिन्हांकित गौठानों में गोबर पेंट इकाई का निर्माण पूर्ण कर उत्पादन शीघ्र प्रारंभ करने के साथ-साथ विद्यालयों, आदिवासी छात्रावासों, कार्यालयों अन्य शासकीय भवनों के रंग रोगन कार्य में उपयोग किया जाएगा। प्राकृतिक गोबर पेंट का उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल है। गोबर पेंट का उपयोग शासकीय भवनों के रंग रोगन कार्य हेतु केमिकल पेंट के स्थान पर गोबर पेंट का उपयोग अनिवार्यतः किया जाएगा।

## मोतीपुर में भक्त माता कर्मा जयंती

राजनांदगांव 9 अप्रैल। मोतीपुर इकाई साहू समाज द्वारा 09 अप्रैल रविवार को भक्त शिरोमणी माता कर्मा जयंती धुमधाम से मनाई जाएगी। जिसके लिए समाज द्वारा व्यापक तैयारी की है। समाज के वरिष्ठ सलाहकार महेश साहू ने बताया कि 09 अप्रैल रविवार को साहू समाज की अध्ष्ठित्री देवी भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद संतोष पांडे, अध्यक्षता छग दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष विपिन साहू व जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष गीताघासी साहू, महापौर हेमा देशमुख, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पदम कोठारी, जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू, पूर्व महामंत्री प्रदेश साहू संघ मोतीलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ हुमन साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, नगर साहू संघ के उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू, पार्षद रंजू मदन यादव, कमलेश बंधे की विशेष उपस्थित में महोत्सव संपन्न होगा। आयोजन के संबंध में संजय साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 09 अप्रैल को सुबह 10 बजे समाज प्रमुखों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मां कर्मा की पूजा अर्चना कर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे मोतीपुर वार्ड का भ्रमण करते हुए वापस आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों का मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन होगा। तत्पश्चात अतिथियों का आगमन व स्वागत भाषण होगा। वहीं समाज को गौरवान्वित करने वाले होनहार युवक-युवतियों व समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान होगा। इसके बाद भक्त मां कर्मा जी की आरती के साथ खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण होगा। यह जानकारी दीपक साहू ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## धामनसरा जंगलेश्वर एनीकट से पानी छोड़ा विभाग ने

राजनांदगांव 9 अप्रैल। समीपस्थल ग्राम धामनसरा जंगलेश्वर एनीकट कम रपटा पानी पेयजल तथा किसानों पानी सम्मया निदान हेतु डां रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री से मांग पर स्वीकृत किया गांव समय समय निर्माण कार्य निरीक्षण करने के कारण ठीक बना जिसके फाईदा मोहड जंगलेश्वर धामनसरा वाले होता है धामनसरा निवासी लोग लिफ्ट एऐरीकेशन मांग पर स्वीकृत भी लेकिन मोहड़ पार बना अब सभी पेयजल सब्जी खेती किसानी करने वाले किसानों को सुखा होने के कारण आर्थिक नुकसान होगा विभाग धीरी एनीकट पानी पहुंचाने कारण छोड़ा है लेकिन पानी कभी के कारण धीरी तक पहुंचने में निजी एनीकेट राजाराम जंगलेसर मोखला भर्रेगांव एनीकट से गुजरना पड़ता है धामनसरा एनीकट पानी धीरी पहुंचने से पहले नदी ही सोख लेगा विभाग लापरवाही को जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव ने विभाग अधिकारी के उचित कार्रवाई मांग किया है।



## राहगीरों के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन

रायपुर 9 अप्रैल। 4 अप्रैल मंगलवार अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा हनुमान जन्मउत्सव पर्व पर भीषण गर्मी में आते जाते राहगीरों को ठंडे पानी की सुविधा प्राप्त हो इस हेतु हनुमान मंदिर, बजरंग चौक लाभांडी अवंति विहार में वाटर कूलर संगठन मंत्री नीरू तायल के सौजन्य से लगवाया गया । रहे न कोई राहगीर प्यासा तपती गर्मी में मिले ठंडा पानी यही है अग्रवाल महिला मंडल की आशा । वाटर कूलर का ऊदघाटन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष किरण अग्रवाल , द्वारा अग्रेशन महाराज जी के माल्यार्पण पश्चात किया गया, प्रचार प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल, ने बताया उद्घाटन समारोह में अग्रवाल सभा के मंत्री मनीष अग्रवाल, अरुण तायल, युवती मंडल की अध्यक्षा शिवांगी अग्रवाल ,विमला अग्रवाल,निर्मला अग्रवाल,कंचन अग्रवाल,रेशु तायल,सरिता खेतान,सुमित्रा खेतान उपस्तिथ थे।



# पुलिस ने महज 16 घंटे में नाबालिग बालक को ढूंढकर परिजनों के हवाल कर दिया



राजनांदगांव 9 अप्रैल। 7 मार्च को प्रार्थीया थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसका लड़का प्रातः 06ः30 बजे घर से बिना बताये कही चला गया है जिसका आसपास मोहल्ले रिस्तेदारो में पतासाजी किया पता नहीं चलने से थाना बसंतपुर में गुम इंसान पर से अपराध क्रमांक 153/2023 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया जाकर मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा के नेतृत्व में थाना बसंतपुर की पुलिस ने गुमशुदा के परिजनों, आसपड़ोस के लोगों से पूछताछ कर पतासाजी की गई। इसी बीच पुलिस को नई तकनीक व सूत्र के जरिए जानकारी मिला की गुमशुदा पेण्ड्री अटल आवास राजनांदगांव में है जिसके बाद पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्परतापूर्वक गुमशुदा को दस्तायाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा, सउनि इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक मानिक सिन्हा व थाना बसंतपुर पेट्रोलिंग टीम की मुख्य भूमिका रही।

## अरुणाचल में 11 भारतीय गांवों के नाम चीन ने बदल डाले: रिजवी

रायपुर 9 अप्रैल। मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने कहा है कि गत् दिवस चीन ने अरूणाचल प्रदेश के 11 गांवों का नाम बदल डाला है जो चीन की दादागिरी का प्रमाण है। उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार को कुंभकर्णी नींद से जागने का आव्हान करते हुए कहा है चीन की इस नापाक हरकत से देशवासी हतप्रभ है। ऐसी दादागिरी को देखकर केन्द्र सरकार क्यों खामोश बैठी है। भारत की 15-16 वार्ताओं से न कोई हल निकला है और न ही भविष्य में निकलने की उम्मीद है।

- राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 32.00 लाख रूपये की लागत से रेवाडीह वार्ड नं. 22 में मुक्तिधाम जीर्णोद्धार

# महापौर ने किया रेवाडीह में मुक्तिधाम जीर्णोद्धार का भूमिपूजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 9 अप्रैल। शहर विकास की कडी में निगम सीमाक्षेत्र के 22 वार्डो में नगर निगम द्वारा विकास कार्य कराये जा रहे है इसी कडी में आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 32.00 लाख रूपये की लागत से रेवाडीह वार्ड नं. 22 में मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी व श्रीमती दुलारी बाई साहू, वार्ड पार्षद व कनिष्ठ सभापति श्री गामेंद्र नेताम विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड के श्री जितेन्द्र कौशिक, उपेश राजपूत, खोरबाहरा राम साहू, ओमप्रकाश, पिंटू श्रीवास व सूर्यकांत श्रीवास ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में राजनांदगांव शहर में भी उनके द्वारा स्वीकृत राशि से मूलभूत सुविधा रोड, नाली सहित सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण कार्य कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि रेवाडीह मुक्तिधाम जीर्णोद्धार के लिये लंबे समय से मांग की जा रही थी, जो आज शासन के सहयोग से पूर्ण होने जा रही है। जीर्णोद्धार के तहत बाऊण्ड्रीवाल, शेड निर्माण, पाथवे के अलावा सौदर्यीकरण किया जायेगा। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्ड में कराये जायेगे। इस अवसर उप अभियंता श्री अशोक देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## अग्रहरि भवन के पास बनेगा प्रवेश द्वार

राजनांदगांव 8 अप्रैल। मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने सभी समाज के भवनों का विस्तार एवं भवन निर्माण के लिये राशि उपलब्ध करा रहे है। उनकी मंशानुरूप सामाजिक भवनों का निर्माण तथा विस्तार किया जा रहा है। जिससे सभी समाज को सर्वसुविधायुक्त भवन उपलब्ध हो सके। उक्त बाते अग्रहरि भवन के लिये प्रवेश द्वार निर्माण के भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने अपने उद्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि अग्रहरि समाज की मांग पर प्रवेश द्वार के लिये 2.00 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गयी जिसका आज भूमिपूजन किया जा रहा है। प्रवेश द्वार बन जाने से अग्रहरि भवन की भव्यता दिखाई देगी। अग्रहरि समाज हर गतिविधियों में आगे रहती है, समाज के द्वारा शहर के बीचों बीच सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण किया गया है।

राजामौली की 2005 की तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'छत्रपति' की आधिकारिक हिंदी रीमेक, जो तेलुगु अदाकार श्रीनिवास बेलमकोंडा की पहली बॉलीवुड शुरूआत भी है, 12 मई को अखिल भारतीय रिलीज के लिए तैयार है। 'छत्रपति' का एक्शन से भरपूर टीजर, जिसे जारी किया गया था, बेलमकोंडा द्वारा प्रमुख चरित्र का परिचय दिया गया।बेलमकोंडा ने कहा, मैं 'छत्रपति' जैसी विशेष फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने को लेकर खुश हूं, जो एक रोमांचक और सुन्दर सामूहिक एक्शन फिल्म है।



# इंडियाज बेस्ट डांसर के तीसरे सीजन के साथ लौट आया

**मुंबई :-** अपने नॉन-फिक्शन शोज़ के जरिए देश के उभरते बेमिसाल टैलेंट को अपना हुनर दिखाने के लिए एक विशाल मंच देने वाला सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अपने देसी डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3 के लॉन्च के साथ दर्शकों का जबर्दस्त मनोरंजन करने के लिए तैयार है। पिछले सीज़न की शानदार सफलता के बाद, क्रिक हील और नेरोलैक पेंट+ द्वारा को-पावर्ड इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3, इस तीसरे संस्करण के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से बेहतरीन डांस टैलेंट की तलाश कर रहा है। डांस के एक नए युग की शुरुआत करते हुए यह सीज़न उन कंटेस्टेंट्स को सामने लाएगा, जिनके मूव्स ही उनकी पहचान हैं। इस सीज़न की थीम - 'सहर मूव से करेंगे ग्रूव' पर खरे उतरेंगे। जहां गीता कपूर और टेरेंस लुइस जज के रूप में एक बार फिर वापसी करेंगे, वहीं जजों की तिकड़ी को पूरा करने के लिए खूबसूरत सोनाली बेंद्रे उनके साथ शामिल होंगी। फ्रेम्स प्रोडक्शन कंपनी द्वारा प्रोड्यूस और जय भानुशाली द्वारा होस्ट किए जाने वाले इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3 की शुरुआत 8 अप्रैल से हो रही है, जो हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा। ऑडिशन से शुरू होकर, कंटेस्टेंट्स को प्रतियोगिता में आगे बढ़ने के लिए कम से कम 3 पावर मूव्स के साथ जजों को प्रभावित करने के लिए घड़ी पर सिर्फ 90 सेकंड मिलेंगे। जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा, वैसे-वैसे जजेस, जिन्हें ई.ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट्स भी कहा जाता है, उन इमोशन्स, एंटरटेनमेंट, न्यूनेस एवं टेक्नीक पर कड़ी नज़र रखेंगे, जो कंटेस्टेंट्स अपने एक्ट्स में सामने लाएंगे। जज सोनाली बेंद्रे 'इमोशन्स और एंटरटेनमेंट' के आधार पर परफॉर्मेंस का आकलन करेंगी, जबकि गीता कपूर मूव्स में 'न्यूनेस' यानी नयापन देखेंगी और टेरेंस लुइस 'टेक्नीक' में परफेक्शन की जांच करेंगे। दूसरे चरण में मेगा ऑडिशन होगा, जहां चुने गए कंटेस्टेंट्स अगले राउंड में जाने के लिए जोड़ियों या तिकड़ी में



मुकाबला करेंगे। ग्रैंड प्रीमियर के साथ, जज टॉप 12 कंटेस्टेंट्स को 'बेस्ट बारह' के रूप में घोषित करेंगे, जिन्हें आगे के सफ़र के लिए उनके संबंधित मेंटर्स से मिलवाया जाएगा। इन 12 कंटेस्टेंट्स को इंडियाज़ बेस्ट डांसर का सबसे प्रतिष्ठित खिताब जीतने के करीब पहुंचने के लिए सप्ताह दर सप्ताह, जजों और दर्शकों को समान रूप से इम्प्रेस करना होगा! जोरदार डांस, विविधता और उत्साह - इंडियाज़ बेस्ट डांसर का तीसरा सीज़न सभी को कंटेस्टेंट्स के डांस का शानदार मिश्रण के साथ झूमने पर मजबूर कर देगा, जो पॉपिंग, बूगालू, एनिमेशन, टुटिंग, वेकिंग, कंटेंपररी और क्लासिकल जैसी डांस स्टाइल्स का प्रदर्शन करेंगे। शो में एक जज के रूप में वापसी करने वाली सेलिब्रिटी कोरियोग्राफर गीता कपूर, जो 'न्यूनेस' के पैमाने पर कंटेस्टेंट्स को जज करेंगी, कहती हैं, ÷मैं इंडियाज़ बेस्ट डांसर के तीसरे सीज़न को लेकर बेहद उत्साहित हूं, जहां हर सीज़न में आपको देश भर से आए शानदार डांसिंग टैलेंट के चलते कुछ अलग और अनोखा देखने को मिलता है। हर कंटेस्टेंट कुछ न कुछ नया लेकर आता है, चाहे वो कोरियोग्राफी हो या डांस स्टाइल, जो वाकई हमें हैरान कर देता है। जब कंटेस्टेंट्स को जज करने की बात आती है, तो मेरा डिपार्टमेंट ÷नयापन÷ है, इसलिए मुझे किसी ऐसे डांसर की तलाश है, जिनमें कुछ हटके डांस के साथ-साथ कुछ अनोखा भी हो, और कैसे वो अपने डांस के जरिए उस अनोखेपन को सामने लाते हैं। मैं इस बात से प्रभावित हूं कि आजकल कंटेस्टेंट्स कितनी तैयारी के साथ आते हैं। वे बहुत आत्मविश्वासी, भावुक, और अनोखे हैं और उनमें बहुत काबिलियत है। इस सीज़न में पेशेवर और रॉ टैलेंट का शानदार संगम होगा, जो अपनी-अपनी कला में माहिर हैं। मुझे इस सीज़न का खास तौर पर इंतजार है, क्योंकि मुझे सोनाली मैम के साथ अपने पुराने संबंधों को फिर से जगाने का मौका मिल रहा है, जो नई जज के रूप में हमारे साथ जुड़ रही हैं। मैंने उनके साथ असिस्टेंट कोरियोग्राफर के तौर पर काम किया है, लेकिन कभी जज के रूप में उनके साथ काम नहीं किया।

## ध्रुव तारा में सुशीला घर से ध्रुव और तारा को निकाल देती है

ध्रुव तारा - समय सदी से परे के साथ सोनी सब लेकर आया है ध्रुव (ईशान धवन) और ताराप्रिया (रिया शर्मा) के बीच एक अनोखी रोमांटिक कहानी, जो अलग-अलग समय अंतराल से आए हैं। समय के नियमों को तोड़ते हुए 17वीं शताब्दी की राजकुमारी तारा अपने राज्य वल्लभगढ़ से



2023 तक नवरंगवन नामक एक टाइम पोर्टल के माध्यम से अपने भाई का इलाज खोजने की यात्रा कर रही है। भाई का स्वास्थ्य उनकी जमीन के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। 2023 में वह कुशल न्यूरोसर्जन ध्रुव से मिली, जो उसके भाई की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अपनी तरह के इस अनोखे शो ने अपनी आकर्षक कहानी, खूबसूरत बैकग्राउंड स्कोर और ध्रुव व तारा के बीच प्यारे रोमांटिक पलों के साथ दर्शकों का ध्यान खींचा है, जो वास्तव में ताजी हवा के झोंके जैसा लगता है। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक ध्रुव और तारा को एक-दूसरे से शादी करते देखने वाले हैं। हालांकि, घटनाओं का एक रोमांचक मोड़ आएगा और ध्रुव और तारा बहुत चालाकी से शादी को इनकार करते हैं और भाग जाते हैं। हालांकि, उनकी नियति एक अलग खेल खेलती है। ध्रुव की मां सुशीला (नीलिमा सिंह) उन्हें पकड़ लेती है। ध्रुव और तारा को शादी के जोड़े में देखकर उसकी जिंदगी ठहर-सी जाती है। वह उग्र हो जाती है और वह यह नहीं पचा पाती है कि उसके बेटे ने उसकी बात नहीं मानी और तारा से शादी कर ली। सुशीला पूरे परिवार के सामने घोषणा करती है कि ध्रुव और तारा अब उनके साथ नहीं रह सकते और उन्हें घर से बाहर निकाल देती है। क्या सुशीला को ध्रुव और तारा की शादी का सच पता चलेगा? या क्या यह नई मुसीबत तारा को उसकी महत्वपूर्ण योजना से और दूर ले जाएगी? सुशीला सक्सेना की भूमिका निभा रही नीलिमा सिंह कहती हैं, %%सुशीला के मेरे किरदार के लिए यह विश्वास करना मुश्किल है कि उसके प्यारे बेटे ध्रुव की शादी एक ऐसी लड़की से हुई है जिसे वह नापसंद करती है। इसके अलावा, उसे हमेशा डर था कि तारा ध्रुव को उससे दूर ले जाएगी। सुशीला की आशंका सच होती दिख रही है और गुस्से में वह ध्रुव और तारा को घर से बाहर निकाल देती है। सुशीला जैसे चरित्र को चित्रित करना मुझे हर दिन एक नया अवसर देता है, क्योंकि यह एक अलग ही स्तर का चरित्र है, जिसके डर पर न तो सवाल उठाया जा सकता है और न ही उसकी अनदेखी की जा सकती है। यह सप्ताह ध्रुव और तारा के रिश्ते में एक दिलचस्प मोड लाएगा और सुशीला के साथ उनके रिश्ते में रुकावट आएगी।

## पुष्पा इम्पॉसिबल की चॉल में दिलीप की एंट्री

सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल एक सिंगल मदर की प्रेरक कहानी है, जो अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपने बच्चों का भरण-पोषण करने का प्रयास करती है। उसका सकारात्मक और समस्या को सुलझाने का रवैया, एक आकर्षक सादगी के साथ मिलकर, उसे दर्शकों के बीच प्रिय बनाता है। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि अश्विन और दीप्ति के बीच बढ़ते तनाव के कारण पुष्पा चिंतित है और किस तरह अश्विन अपने रहने के लिए अलग जगह तलाश रहा है। आने वाले एपिसोड्स में हम चॉल में काफी हंगामा देखेंगे। पुष्पा चकित रह जाएगी जब वह चॉल में प्रवेश करने वाले किसी व्यक्ति के सामान से भरे ट्रकों को देखेगी। वह चौंक जाएगी



जब उसे पता चलेगा कि उसका पूर्व पति और सबसे बड़ा दुश्मन दिलीप पटेल चॉल में रहने आ रहा है। इस बीच, पुष्पा के घर में दीप्ति की तबियत बिगड़ेगी और यह माना जाएगा कि वह गर्भवती है। एक बहस शुरू होती है जहां पुष्पा और दीप्ति को लगता है कि जोड़ा माता-पिता बनने के लिए तैयार हैं और दूसरी ओर अश्विन और सोनल के विचार इससे अलग हैं। पुष्पा पटेल की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, ÷पुष्पा के जीवन में ऐसा कोई दिन नहीं है जब कोई परेशानी न आए। दिलीप की चॉल में एंट्री और उसके साथ पड़ोस में रहना कुछ ऐसा है जिसकी पुष्पा ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। साथ ही, यह एक ऐसे बिंदु पर आ रहा है जहां अश्विन और दीप्ति अपने जीवन में इस तरह की संवेदनशील दुविधा से निपट रहे हैं, यह पुष्पा के लिए एक कठिन समय है। पुष्पा इस स्थिति से कैसे निपटती है और किसी भी संभावित स्थिति में अपने परिवार की सुरक्षा कैसे करती है, यह दर्शक देखेंगे।

## खलनायक इब्लीस के रूप में शामिल हुए आरव चौधरी


सोनी सब के लोकप्रिय फैमिली एंटरटेनर अलीबाबा - एक अंदाज़ अनदेखा चैप्टर 2, में अली - द रखवाला (अभिषेक निगम) के कारनामों को प्रदर्शित किया जाता है, जो अपनी जमीन की रक्षा करने की खातिर बुराई से लड़ता है। आकर्षक किरदारों और दिलचस्प कहानी के साथ यह शो प्रशंसकों का पसंदीदा बन गया है। हाल के एपिसोड्स में सिमसिम (सायंतनी



घोष) के पिरामिड से भागने की वजह से शो का पसंदीदा खलनायक लौट आया है। हालांकि, निर्माताओं ने इस ट्विस्ट को और मनोरंजक बनाने की तैयारी कर ली है क्योंकि सिमसिम का दुष्ट साथी इब्लिस का आखिरकार शो में पदार्पण हो रहा है। शो के बेहतरीन कलाकारों में अब प्रतिभाशाली आरव चौधरी जुड़ गए हैं। वह शो में खलनायक इब्लीस की भूमिका निभा रहे हैं। इब्लीस एक अत्याचारी है जो पूरे ग्रह पर बुरी शक्तियों को फैलाना चाहता है। वह विनाश और निर्दोष लोगों की हत्या करने के लिए प्रेरित है। वह एक निर्दयी, साहसी और धूर्त है, जो अपनी प्रेमी और भक्त सिमसिम के साथ है। एक दानव के रूप में, वह जानता है कि उसे मारा नहीं जा सकता, जिससे वह और अधिक शक्तिशाली व क्रूर हो गया है। उनके सबसे बड़े दुश्मन मुस्तफा और उसका बेटा अलीबाबा हैं, जिनके पास दिव्य जादुई शक्तियां हैं जो बुराई को फैलने से रोक सकती हैं। इब्लीस इस जादू और इसे धारण करने वालों को नष्ट करना चाहता है, क्योंकि उसकी दुष्ट आत्मा उसके ताबीज के साथ जुड़ी हुई है, जिससे वह अलग नहीं हो सकता। शो में आरव चौधरी की एंट्री निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक रोमांचक पल बनाएगी। इब्लीस की भूमिका निभाने पर आरव चौधरी ने कहा कि, ÷एक खलनायक को चित्रित करना चुनौतीपूर्ण है। मुझे यकीन है कि दर्शक इसे सराहेंगे। इब्लीस अब तक मेरे निभाए सभी किरदारों से अलग है। मैं इस चरित्र की ऊर्जा को बॉलीवुड के सबसे बड़े खलनायकों के समान मानता हूं। मैं सायंतनी के साथ फिर से काम करने को लेकर भी उत्सुक हूं और हम पहले ही सेट पर एक-दूसरे से बातचीत कर चुके हैं। मेरा लक्ष्य एक अविस्मरणीय प्रदर्शन देना है जो दर्शकों पर अपनी अमिट छाप छोड़े। सोनी सब के साथ यह मेरा पहला शो है और सोनी सब परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## कलाकारों ने स्वस्थ तन और मन के लिये सुझाव दिये







बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और इसके महत्व पर लोगों की जानकारी बढ़ाने के लिए साल 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। एण्डटीवी के कलाकार मोहित डग्गा (अशोक, 'दूसरी माँ'), कामना पाठक (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा, 'भाबीजी घर पर हैं') स्वस्थ शरीर और दिमाग के लिये सलाह दे रहे हैं और अपने रोजाना के फिटनेस रूटीन के बारे में बता रहे हैं। अशोक की भूमिका निभा रहे मोहित डग्गा ने कहा, ''मुझे इस कहावत पर पूरा यकीन है कि 'हेल्थ इज वेल्थ'। मेरे लिये फिटनेस का आसान फार्मूला है सेहतमंद खाना, अच्छी नींद लेना और रोजाना वर्कआउट करना। यह तीन चीजें अपने लाइफस्टाइल को हेल्दी रखने, खराब सेहत से बचने और तनाव कम करने में मेरी मदद करती हैं। मैं खाने में सेहतमंद खाना लेना सुनिश्चित करता हूँ, जिसमें तेल कम और न्यूट्रीशन ज्यादा हो। मैं आठ घंटे की गहरी नींद लेने की कोशिश करता हूँ और सुबह जल्दी उठता हूँ, ताकि वर्कआउट कर सकूँ। मैं ध्यान भी करता हूँ और प्रेरणा देने वाला कंटेन्ट देखता हूँ। फिटनेस का मतलब सही मानसिक और शारीरिक संतुलन से है। इस वर्ल्ड हेल्थ डे पर मैं सभी से सेहतमंद खाने, अपने दिल की नियमित जाँच करवाने और उसे खुश तथा स्वस्थ रखने का आग्रह करता हूँ।'' राजेश की भूमिका निभा रहीं कामना पाठक ने कहा, ''मैं पूरे दिन खूब सारा पानी पीना सुनिश्चत करती हूँ। मेरे पास ताजे फल या सब्जी के रस की एक बोतल भी रहती है। इसके अलावा, मैं खुद के आराम के लिये काम के बीच मेडिटेशन के लिये बार-बार ब्रेक लेती हूँ। स्वस्थ शरीर के लिये सबसे महत्वपूर्ण सलाह है सही समय पर सेहतमंद भोजन करना। भूख लगने के बावजूद मैं जंक फूड खाने से बचने की कोशिश करती हूँ और अपनी डेली डाइट में ताजा हरी सब्जियाँ, फल और दूध शामिल करती हूँ। इसलिये मैं सभी से कहती हूँ कि स्वस्थ बने रहने के लिये सेहतमंद चीजें खाएँ और अपने शरीर में तरल की पर्याप्त मात्रा बरकरार रखें, ताकि आपकी लाइफस्टाइल हेल्दी रहे।'' विभूति नारायण मिश्रा की भूमिका निभा रहे आसिफ शेख ने कहा, ''तनाव से मुक्त रहना फिटनेस के लिये मेरे सबसे महत्वपूर्ण मंत्रों में से एक है। आजकल कई लोगों को तनाव के कारण सेहत की तकलीफें हैं। मैं लंबे वक्त से काम कर रहा हूँ, लेकिन मैंने अपने वर्कआउट रूटीन को कभी नहीं टाला। मुझे अपने घर से शो के सेट तक पहुँचने में कम से कम डेढ़ घंटा लगता है और उस दौरान मैं कार में मेडिटेशन, पढ़ाई और योग करता हूँ। मैं एक अच्छा क्रिकेटर हुआ करता था और खेलों ने भी स्वस्थ और तंदुरुस्त शरीर बनाने में मेरी मदद की है। मुझे अच्छा लगेगा अगर ज्यादा से ज्यादा युवा सही शेप में बने रहने के लिये आउटडोर खेलों में भाग लें। इसके अलावा मैं नहीं मानता हूँ कि महँगा या ज्यादा खाना जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिये आपको सिर्फ घर का बना सेहतमंद खाना लेना चाहिये, योग करना चाहिये, खेलना चाहिये और पर्याप्त आराम करना चाहिये। मैं सभी को एक खुशहाल और सेहतमंद साल की शुभकामना देता हूँ।''

## ट्विस्ट्स से भरा सप्ताह!

एण्डटीवी के 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में इस सप्ताह दर्शक कुछ बड़े ट्विस्ट्स देखेंगे। 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये मिक्की डुडाने, जोकि वरूण शर्मा के रूप में शो में एंट्री कर रहे हैं, ने कहा, ''वरूण शर्मा (मिक्की डुडांडे) के गुप्ता निवास में कदम रखने और कृष्णा (आयुध भानुशाली) का पिता होने का दावा करने के बाद, एक बड़ा ड्रामा होता है, जो सभी को चैंका देता है। वह कृष्णा का पिता होने के सबूत दिखाता है, लेकिन इसके बावजूद यशोदा (नेहा जोशी) कृष्णा को उसके साथ नहीं जाने देती। वरूण पड़ोसियों के सामने ऐलान करता है कि कृष्णा उसका बेटा है और यशोदा उसे उसके साथ जाने नहीं दे रही है।''

'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये राजेश ने कहा, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को जब कमिश्नर (किशोर भानुशाली) से पता चलता है कि कला के किसी भी माध्यम के जरिये योगदान देने वालों के लिये सरकार गैस पम्प्स के आवंटन की स्कीम लेकर आई है, तो वह कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) को एक ठुमरी गायिका बताते हुये सरकार से एक गैस पम्प के लिये आवेदन करता है। दूसरी ओर राजेश (कामना पाठक) पेट्रोल पम्प को अपने नाम पर करवाना चाहती है। एक सरकार अधिकारी मिस्टर धीमांत, कटोरी अम्मा से मिलने आता है और परिवार वाले कटोरी अम्मा को ठुमरी गायिका का वेश बनाने में मदद करते हैं। कटोरी अम्मा को उस गेट-अप में देखने के बाद, सरकारी अधिकारी उससे गाना गाने के लिये कहता है, जिससे सभी तनाव में आ जाते हैं।''

'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ''तिवारी (रोहिताश्व गौड़) एक परफ्यूम की दुकान खोलता है और विभूति (आसिफ शेख) को नौकरी ऑफर करता है। वह अपनी यूनिवर्सिटी डिग्री का रौब दिखाते हुये तिवारी के जॉब ऑफर को ठुकरा देता है, जिससे तिवारी दुःखी होता है। तिवारी, अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) के पास जाता है, जो विभूति को नौकरी करने के लिये मना लेती है। तिवारी मोटी सैलरी पर उसकी नियुक्ति करता है, लेकिन उसे एक महीने का बॉन्ड साइन करने के लिये कहता है। बाद में बदला लेते हुये वह उसे अपमानित करता है। अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को विभूति के लिये बुरा लगता है और वह विभूति के साथ मिलकर उसे सबक सिखाने की एक योजना बनाती है। विभूति भी एक ऐसी ही दुकान खोलता है और अंगूरी को काम पर रखता है।''

## टीवी कलाकारों ने अपने भाई-बहनों के साथ के खट्टे-मीठे रिश्तों पर बात की

सगे भाई-बहन होना जिन्दगी की सबसे अच्छी बातों में से एक है। भाई-बहनों के बीच का रिश्ता बहुत खास होता है। भाई-बहन हमारे सबसे अच्छे दोस्त और सबसे खराब दुश्मन होते हैं, क्योंकि वे अपनी सबसे अच्छी शख्सियत में आने के लिये हमें मजबूर करते हैं, हमें परेशान करते हैं, लेकिन बड़ी मजबूती से हमारा मनोबल बढ़ाते हैं और हमारा मुकाबला भी करते हैं। 10 अप्रैल को नेशनल सिबलिंग्स डे इस रिश्ते का उत्सव है। इस मौके पर एण्डटीवी के कलाकार मयंक मिश्रा (अरविंद, 'दूसरी माँ'), संजय चैधरी (कमलेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और चारुल मलिक (रुसा, 'भाबीजी घर पर हैं') अपने भाई-बहनों के साथ अपने खट्टे-मीठे रिश्ते के बारे में बता रहे हैं। मयंक मिश्रा, यानि अरविंद गुप्ता ने कहा, ''मेरे छोटे भाई हर्षित की और मेरी शख्सियतें बिलकुल उलट हैं। वह शांत और गंभीर है, लेकिन मैं बदनाम हूँ। मैंने उसे लगातार तंग किया है, लेकिन उसके लिये मेरा प्यार कभी नहीं बदला। कई मामलों में हमने एक-दूसरे का साथ दिया। लेकिन एक घटना को हम दोनों कभी नहीं भूल सकतेः मेरे पिता की शेविंग किट चुराना और उसे अपनी आईब्रोज शेव करने के लिये मजबूर करना। उस वक्त हम स्कूल में थे और मैं नाई बनना चाहता था। मैंने हमारे बेडरूम में अपनी दुकान खोली और उसे ग्राहक की तरह कुर्सी पर बैठाया। मैंने उसकी आईब्रो आधी शेव कर दी। जैसे ही मैंने यह किया, उसने चिल्लाना शुरू कर दिया और वह इतनी जोर से रोया कि मेरी माँ वहाँ आ गई और उसे देखकर चैंक गई। पूरी घटना लोट-पोट कर देने वाली थी। हालांकि मेरा तो लगभग नर्वस ब्रेकडाउन ही हो गया, जब मैंने माँ का गुस्सा देखा (हंसते हैं)। वह अगले दिन स्कूल नहीं जाना चाहता था और इसके लिये भी मुझे जिम्मेदार ठहराया गया। फिर मेरी माँ ने कोल पेंसिल से उसकी आईब्रो बनाई, लेकिन वह तब भी आशंकित था। मुझे याद है कि माँ और मैंने उसे स्कूल जाने के लिये मनाने की कितनी कोशिशें कीं। एक-दूसरे से जुड़ी हमारी कई यादें हैं, लेकिन मैं बताना चाहता हूँ कि वह मेरा बड़ा आदर करता है और मेरे लिये हमेशा अपनी बात पर खरा रहा है। हम हमेशा एक-दूसरे को प्यार करेंगे और साथ देंगे और हमारा रिश्ता अटूट है।''

## अपने नए किरदार राधिका को लेकर किए कुछ दिलचस्प खुलासे!



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के नए ज़माने के ड्रामा सपनों की छलांग की एक झलक ने दर्शकों को पहले से ही इसके दिलचस्प कॉन्सेप्ट से रूबरू करा दिया है। यह शो रूढ़िवादी सोच रखने वालों से यह सवाल पूछता है कि एक लड़की किसी अनजान शहर में अपने सपनों की छलांग क्यों नहीं लगा सकती, और क्यों अपने ड्रीम जॉब का ख्वाब पूरा नहीं कर सकती? शो की नायिका राधिका यादव इसी सोच को बदलना चाहती है, जहां वो सपनों के शहर मुंबई में विश्वास की छलांग लगाती है। टेलीविजन की उभरती हुई स्टार मेघा रे पक्के इरादों वाली इस लड़की का किरदार निभा रही हैं। राधिका के किरदार के साथ, मेघा रे मजबूत महिला किरदारों को निभाने का सिलसिला आगे बढ़ा रही हैं और जल्द ही एक ताज़ा कहानी के साथ आपके टेलीविजन स्क्रीन पर आ रही हैं।

**मजबूत इरादों वाले किरदारों के साथ अपने करियर की शुरुआत करने के बाद अब राधिका के किरदार में आप एक प्रेरणादायक और मजबूत किरदार करने का सिलसिला आगे बढ़ा रही हैं। क्या सपनों की छलांग के लिए हां कहने की यही वजह थी?**

जब भी हम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो हम पर प्रभाव छोड़ते हैं, हमें सोचने पर मजबूर करते हैं और शायद हम में सुधार भी लाते हैं, तो हमें अच्छा लगता है। मैंने हमेशा मजबूत इरादों वाली महिलाओं को पसंद किया है, इसलिए शायद मैं स्वाभाविक रूप से ऐसे रोल्स से आकर्षित होती हूं। जरूरी नहीं कि मजबूत महिलाएं एक निश्चित व्यक्तित्व की ही हों। असरदार महिलाओं की एक विस्तृत श्रृंखला है। इसलिए भले ही अब तक मेरे सभी किरदार इरादों के पक्के और मजबूत हौसले वाले रहे हों, वे सभी अपने आप में अनोखे थे। जब मुझे सपनों की छलांग की कहानी सुनाई गई, तो राधिका का व्यक्तित्व मुझे पूरी तरह से नया लगा, जिसे मैंने अभी तक एक्सप्लोर नहीं किया था! ज़िंदगी के मसले हल करने और एक अजनबी शहर में खुद अपनी जिम्मेदारी संभालने के उसके नजरिए ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया। हालांकि, सिर्फ मेरा किरदार ही नहीं, बल्कि शो की कहानी और इसके बाकी किरदारों के अलग-अलग नजरियों के चलते मुझे इस शो को हां कहना ही पड़ा।

**आपके लिए एक ऐसी कहानी को सामने लाने के क्या मायने हैं, जो टीवी पर न सिर्फ आम मेलोड्रामा से अलग है बल्कि एक नज़रिया भी दिखाती है, जो इस बात का जवाब मांगती है कि एक लड़की अपने सपने पूरे करने के लिए शहर क्यों नहीं बदल सकती?**

यह कई मायनों में काफी पर्सनल है और मैं एक ऐसी कहानी का हिस्सा बनकर आभारी हूं, जो एक महिला का नजरिया दिखाती है (जिसे अभी तक सामने नहीं लाया गया और जिसे सुना जाना चाहिए)। मैं एक इकलौती बच्ची हूं और मैं अपने परिवार की बेहतरी के लिए आर्थिक रूप से और बाकी सभी जिम्मेदारियां उठाना चाहती हूं। यह मेरी चॉइस है। मैं निर्भर नहीं रहना चाहती बल्कि अपने पैरों पर खड़ी होना चाहती हूं, अपने फैसले खुद लेना चाहती हूं और ज़िंदगी में अपने सभी मकसद पूरे करने के लिए अपना मार्ग प्रशस्त कर चाहती हूं। तो हां, अगर एक औरत चाहे, तो सबकुछ कर सकती है और वो करेगी!

**राधिका की ज़िंदगी में उनकी मां बहुत खास भूमिका निभाती हैं, जो हमेशा राधिका का साथ देती हैं। हमें बताएं कि आपके एक इंजीनियर से एक एक्टर बनने पर आपके पैरेंट्स का क्या नजरिया था?**

जैसे राधिका की मां उनके सपनों को सपोर्ट करती हैं, वैसे ही मेरे पैरेंट्स लगातार मेरे आलोचक और समर्थक भी रहे हैं। उन्होंने अक्सर अपनी स्वाभाविक फिक्र और नजरिए को अलग रखा और मुझ पर विश्वास किया। हमारे बीच बहस होती हैं, चर्चाएं होती हैं, असहमति और सहमति भी बनती हैं, लेकिन अंत में हमारा प्यार हमें बांधे रखता है और हम ऐसे समाधान ढूंढते हैं, जो हम सभी के लिए फिट हों। यहां तक कि मेरा किरदार राधिका भी अपने परिवार के साथ इसी स्थिति का सामना करती है, जब उसे काम के लिए मुंबई जाने की इजाज़त देने के लिए उन्हें राजी करना पड़ता है। यह रिश्ता और स्थिति ही कुछ ऐसी है, जिनसे हम में से अधिकांश लोग गुजर चुके हैं। इसलिए, यह शो सभी को अपना-सा लगेगा और उन्हें पुरानी यादों में भी ले जाएगा।

## हर्ष लिम्बा चिया और पुनीत जे. पाठक के साथ भरपूर मौज-मस्ती के लिये हो जाइये तैयार

फिक्शन और नॉन-फिक्शन के अनूठे संगम के साथ मनोरंजन में नया ट्विस्ट लाते हुए, कलर्स की नई पेशकश 'एंटरटेनमेंट की रात- हाउसफुल' सेलेब्रिटी मेहमानों का शानदार राइड पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस शो में दो भाइयों पुनीत जे. पाठक और हर्ष लिम्बा चिया को उनकी दादी विरासत पाने के लिये और अपनी योग्यता साबित करने के लिए एक टास्क देंगी। इस चुनौती में उन्हें गेम्स , प्रैंक्स और सजाओं से अपने मेहमानों के वक्त को मुश्किल बनाना है। लोकप्रिय एक्टर्स, जैसे कि सुम्बुल तौकीर खान, फहमान खान, अर्जुन बिजलानी, शिव ठाकरे, अर्चना गौतम आदि भी इस गड़बड़झाले का हिस्सान बनेंगे। द कंटेन्ट टीम के नीरज शर्मा द्वारा निर्मित 'एंटरटेनमेंट की रात- हाउसफुल' का प्रीमियर 15 अप्रैल को होगा और इसके बाद इसका प्रसारण हर रोज रात 10 बजे सिर्फ कलर्स पर किया जाएगा। 'एंटरटेनमेंट की रात- हाउसफुल' एक दिलचस्प शो है, जो भारत के टेलीविज़न दर्शकों को मनोरंजन की नई खुराक देगा। फिक्शन और नॉन-फिक्शन का मिलाने वाले अपने अनोखे फॉर्मेट के साथ यह शो ऐसी रोमांचक बातों की पेशकश करता है, जो यकीनन दर्शकों को बांधकर रखेंगी। मजेदार और म्युऐजिकल गेम्सद से लेकर डांस और अंताक्षरी तक सब-कुछ होगा और ऐसे में इस शो के पास आपको गुदगुदाने के लिये हर चीज है। कुक-ऑफ में स्वाद से भरे कुछ पल होंगे, जबकि छुपे हुए कैमरा से सेलेब्रिटीज के साथ होने वाले प्रैंक्सं आपको लोट-पोट कर देंगे। और अगर यह काफी नहीं है, तो मजेदार टेटे-अ-टेटे सुनिश्चित करेगा कि दर्शक शो से पूरी तरह जुड़े रहें। कई सारी विविधताओं के साथ यह शो मनोरंजन का एक पूरा पैकेज होगा, जिसे देखने से नहीं चूकना चाहिये।



## काशिका कपूर ने अपनी बोल्ड तस्वीरों से बढ़ाया इंटरनेट का पारा

बॉलीवुड अभिनेत्रियां अक्सर सोशल मीडिया पर अपने सेंसेशनल लुक्स से सबका ध्यान खींचती हैं। काशिका कपूर हर दिन अपनी सेक्सी और हॉट बिकनी तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगाने के मूड में हैं। पिछले काफी दिनों से वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी बिकिनी तस्वीरें पोस्ट कर रही हैं और फैंस उनकी सेक्सी तस्वीरों पर फिदा हो रहे हैं. काशिका कपूर फ़िलहाल अपनी फुकेत में अपने काम से गई हुई है और अपनी यात्रा से लेकर अपनी नवीनतम तस्वीरों के साथ सभी का ध्यान आकर्षित कर रही



हैं। काशिका ने तस्वीरों की एक पूरी सीरीज पोस्ट की जिसमें वह कैमरे के सामने पोज देती हैं और समुद्र की सुंदरता में खो जाती हैं। फ्लोरल बिकिनी पहने हुए। उसके बाद समुद्र तट पर रेत का आनंद लेते हुए उसका एक वीडियो भी साझा किया है। इतना ही नहीं, अभिनेत्री को अपने परिवार के साथ पोज देते हुए और अपनी सेक्सी, टोंड, कामुक बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए भी देखा गया। काशिका ने एक फ्लोरल बिकिनी पहनी थी जिसमें एक ट्यूब बिकनी ब्रालेट के साथ एक फ्लोरल बिकनी बॉटम और फ्लैंक से बढ़ने के लिए रासि थी। उन्होंने इसे एक लंबे सफेद सारंग के साथ पेयर किया जिसमें कट्स थे जो एक्ट्रेस की टोंड लेग्स को फ्लॉन्ट कर रहा था। उन्होंने कुछ तस्वीरों में अपनी बिकनी को हॉल्टर-नेक बैकलेस बिकिनी कवर अप ड्रेस के साथ पेयर किया। उसके मेकअप में काजल से सजी आंखें, ब्लश्ड गाल और होठों पर मैट पीच रंग की लिपस्टिक थी। अभिनेत्री ने अपने बालो को हवाओ के झोको में खो जाने के लिए खुले रखे। ÷एक और दिन, एक और दृश्य!

## शैलेंद्र-मजरूह की तरह, मैं सिनेमा के लिए हिंदी और भोजपुरी दोनों के लिए गाने लिखना जारी रखूंगा

प्रतिभाशाली गीतकार डॉ सागर संगीत उद्योग के उन अग्रदूतों में से एक हैं जो अपने मूल गीतों के लिए जाने जाते हैं। वह एक ऐसे प्रतिभाशाली गीतकार हैं, जिन्होंने हमें सुंदर गीतात्मक गीतों का खजाना दिया है । बंबई में का बा , 'बॉलीवुड डायरीज़', 'खाकीः द बिहार चैप्टर' और 'महारानी सीजन्स 2' में उनके काम को भारी सफलता मिलने के बाद उनकी हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म भीड़ के 'हेराइल बा' गीत ÷ से डॉ सागर को काफी प्रशंसा मिल रही है। मुख्यधारा की बॉलीवुड में भोजपुरी कविता के बारे में बात करते हुए, गीतकार कहते हैं, संगीत की कोई भाषा नहीं है, इसलिए शैलेंद्र मजरूह सुल्तानपुरी और मोती 7बी.ए. की तरह मैं भी मेनस्ट्रीम सिनेमा के लिए हिंदी और भोजपुरी दोनों ज़बानों में गाने



लिखना जारी रखूंगा।सागर ने कहा, मैंने गीत लेखन को अपना सबकुछ दे दिया7 यह मेरा जुनून है, यह मेरी रोजी रोटी है, और अब आखिरकार कड़ी मेहनत के लिए पहचान और प्रशंसा पाना किसी सपने से कम नहीं है। अब, मैं केवल अपनी कला पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। और मैं ऐसे गीत लिखना चाहता हूँ जो हर किसी की आत्मा को स्पर्श कर दे।

## दिलप्रीत ने प्रेम कहानी में क्यूपिड की भूमिका निभाई

सोनी सब का पारिवारिक शो दिल दियां गल्लां एक ही परिवार की कई पीढ़ियों के रिश्तों को चित्रित करता है। आपसी गलतफहमियों, भावनात्मक दर्द और परिवार के सदस्यों के बीच शारीरिक दूरी के कारण यह परिवार अलग-थलग हो गया है। पहली दो पीढ़ियां अपनी शिकायतों पर कायम हैं।



ऐसे में तीसरी पीढ़ी हस्तक्षेप करती है और उन्हें अपने अतीत का सामना करने और रिश्ते सुधारने की यात्रा शुरू करने को मजबूर करती है। आगामी एपिसोड्स में दर्शक दिलप्रीत (पंकज बेरी) और संजोत (जसजीत बब्बर) को महत्वपूर्ण निर्णय लेते देखेंगे, जो बराड़ परिवार के जीवन को हमेशा के लिए बदल देगा। मनदीप (संदीप बासवाना) के घर लौटते ही पूरे घर में कोहराम मचा है। मनदीप और दिलप्रीत के खाने-पीने की पसंद-नापसंद का मेल कराने और उनके बीच के झगड़ों को सुलझाने की कोशिश करने में बराड़ परिवार ने जमीन-आसमान एक कर रखा है। हालांकि, परिवार की छोटी बहू निमृत (कनिका माहेश्वरी) लगातार ऐसी योजनाएं बना रही है कि मनदीप और उसका परिवार घर छोड़ने को मजबूर हो जाए। इस अराजकता के बीच दिलप्रीत को पता चलता है कि वीर (पारस अरोड़ा) और अमृता (कावेरी प्रियम) को आपस में प्यार हो गया है। वह होली पर शूट किया गया एक वीडियो देख लेता है, जिसमें वे एक-दूसरे के लिए अपना प्यार कबूल करते हैं। ऐसे में दिलप्रीत स्थितियों को अपने हाथों में लेने का फैसला करता है और वीर और अमृता को एक-दूसरे के करीब लाने में मदद करने की योजना बनाता है।

## इलैयाराजा के बहुभाषी म्यूजिक स्कूल का पहला गाना

रिलीज की तारीख की घोषणा के साथ मोशन पोस्टर का अनावरण करने के बाद, उस्ताद इलैयाराजा के बहुभाषी म्यूजिकल म्यूजिक स्कूल के निर्माताओं ने फिल्म के पहले गीत पढ़ते जाओ बच्चा को रिलीज कर दिया है, जो फिल्म के कहानी की एक झलक पेश करता है। पढ़ते जाओ बच्चा, इस गाने में पढ़ाई के बोझ तले दबे बच्चे, कुछ पलों के लिए सारी फ़िक्रें छोड़, खुशियों को आज़माते हुए, नाचते गाते दिखाई देते हैं। इलैयाराजा द्वारा रचित, पढते जाओ बच्चा को डॉ. सागर और रमन रघुवंशी द्वारा लिखा गया है, जिसे प्रिया माली, आदित्य बालाजी, ऋतिक जयकिश, पद्मजा श्रीनिवासन वैमू और संदीप ने गाया है, जबकि उत्साहित और फुट-टैपिंग गीत एडम मुरे द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। युवा छात्रों द्वारा सामना किए जाने वाले शैक्षणिक दबाव को दर्शाते हुए, म्यूजिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्व पर जोर देता है। म्यूजिकल मनोरंजक तरीके से एक महत्वपूर्ण और गहन विषय की कथा को आगे बढ़ाता है, जो 11 गीतों द्वारा समर्थित है, जिनमें से तीन क्लासिक म्यूजिकल साउंड ऑफ म्यूजिक से हैं।

## एक नजर

### यांत्रिकी व लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों की भर्ती निरस्त

**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड योजना अंतर्गत कृषि विभाग में यांत्रिकी के 02 पद और लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के 01 पद पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है।

### पीपीईएस साफ्टवेयर में डाटा प्रविष्टि के लिए कर्मियों को प्रशिक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीईएस साफ्टवेयर में डाटा प्रविष्टि के संबंध में एसडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी धनंजय नेताम की उपस्थिति में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी तथा प्रोग्रामर, समग्र शिक्षा, और सहायक प्रोग्रामर, जिला निर्वाचन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। एसडीएम नेताम ने कहा कि बीमार एवं निःशक्त कर्मचारियों का नाम पीपीईएस साफ्टवेयर में डाटा प्रविष्टि नहीं करने तथा एक ही नाम के अलग-अलग कर्मचारियों का डाटा प्रविष्टि करते समय सावधानी बरतने के लिए निर्देशित किये। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीईएस साफ्टवेयर में अपलोड तथा डाटा एन्ट्री के संबंध में जानकारी दी गई तथा प्रविष्टि पूर्ण होने के पश्चात पुनः जांच कर सबमिट करने के प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सभी विभाग के प्रोग्रामर, सहायक ग्रेड, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर शामिल हुए।

### सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य में सहयोग की अपील

**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण में सहयोग करने की अपील जिले के नागरिकों से किया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कांकेर जिले में भी 01 अप्रैल से सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके लिए प्रगणकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है तथा सुपरवाईजरों द्वारा इस कार्य में सहयोग प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रगणक जब भी सर्वेक्षण के लिए आपके घर पहुंचे तो उन्हें सहयोग प्रदान करते हुए आवश्यक जानकारी जैसे- आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, मोबाइल नंबर, शैक्षणिक योग्यता, परिवार की वार्षिक आय, कृषि एवं आवासीय भूमि, सिंचाई साधन, वाहन एवं अन्य सामग्रियों की जानकारी उपलब्ध करायें। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले के सभी 454 ग्राम पंचायतों में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है, इसके लिए 1758 प्रगणकों की ड्यूटी लगाई गई है, इसमें 876 महिला एवं 882 पुरूष कर्मचारी शामिल हैं। जिले में प्रतिदिन लगभग 11 हजार 200 परिवारों का सर्वेक्षण करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि 20 अप्रैल तक सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जा सके।

### बेरोजगारी भत्ता के लिए जिले में 1048 आवेदन प्राप्त, क्लस्टरवार सत्यापन प्रारंभ


**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बेरोजगारी भत्ता के लिए जिले के बेरोजगार युवाओं से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये जा रहें हैं तथा प्राप्त आवेदनों का जिले मे सत्यापन भी शुरू हो चुका है। जिला रोजगार अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में अब तक 1048 युवाओं द्वारा बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन किया गया है, जिसका भौतिक सत्यापन किया जा रहा हैं। योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच, सत्यापन एवं ऑनलाईन अपलोड करने के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में सेक्टर बनाकर अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत 07 क्लस्टर तथा नगरीय क्षेत्र में 04 क्लस्टर, भानुप्रातपपुर विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र में 05 एवं नगरीय क्षेत्र में 03 क्लस्टर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में 04 क्लस्टर, चारामा विकासखण्ड में 09 क्लस्टर, कोयलीबेड़ा विकाखण्ड में 15 क्लस्टर, नरहरपुर विकासखण्ड में 12 क्लस्टर, अंतागढ़ विकासखण्ड में 10 क्लस्टर बनाये गये हैं। कांकेर विकासखण्ड: कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत 07 क्लस्टर तथा नगरीय क्षेत्र में 04 क्लस्टर बनाये गये हैं। धनेलीकन्हार क्लस्टर में 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है, इनमें धनेलीकन्हार, कापसी, मरकाटोला, भैराडीह, डोमाहर्रा, सुरेली, तेलावट, कोदागांव, कन्हारपुरी, अण्डी, पोटगांव, तालाकुर्रा, केवटीनटोला, बाबूदबेना और ग्राम पंचायत कोकानपुर ग्राम पंचायत शामिल हैं।

---

**विक्रम मंडावी ने कहा- कांग्रेस पार्टी व भूपेश सरकार की रीति-नीति और योजनाओं से प्रभावित होकर लोग लगातार कर रहे है कांग्रेस प्रवेश**

# सपा प्रदेश सचिव सहित 9 गांवों के 75 कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 9 अप्रैल।** कांग्रेस पार्टी के लोग मिलनसार है और कांग्रेस पार्टी सभी को लेकर चलने वाली पार्टी है कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में अच्छे विकास विकास कार्य हो रहे है जिससे प्रसन्न होकर कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति को अपनाते हुए हम 75 लोग कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किए है उक्त वक्तव्य समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रहे सुरेश कुमार सोडी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी प्रवेश करते हुए कही है।

शनिवार को बीजापुर में विधायक विक्रम मंडावी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम व अन्य कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में 09 गावों के 75 समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी और बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के विकास कार्यो और कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति को अपनाते हुए समाजवादी पार्टी को छोड़ कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम लिया है समाजवादी पार्टी से कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से ग्राम संगमपल्ली से सोडी गौरैया, सोडी जगैया, सपके विजय, सपके महेश, सपके कलवंत, सपके गोपाल, सपके रोहित, सोडी संजय, सपके लक्ष्मी नारायण, सपके राहुल, सोडी तरुण और सोडी सुरेश, ग्राम चेरपल्ली से पुनेम एंकैया, गोपाल सपके, विष्णु पुनेम, अजीत परसके, अनिल पुनेम, सत्यम पुनेम, सुरेश मोडियम, रमेश पुनेम, नारायण मोडियम और गणपत पुनेम, ग्राम सैंड्रापल्ली से पुनेमशिवराम, पुनेम रामचंद्रम, पुनेम सुखराम, पुनेम चन्द्रैय, पुनेम कांतैया, पुनेम शंकर, पुनेम अभिषेक, पुनेम सुधाकर, पुनेम गणपत, पुनेम निलैया, सपके कांतैया, सोडी नारायण, सपके शंकर, पुनेम सुरेश, पुनेम राममूर्ति और पुनेम रमेश ग्राम रूद्राराम/ कोनागुड़ा से सपके सीताराम, सपके राजन्ना, सपके आनंत, सोडी रमेश, सोडी गणेश, सोडी वेंकट, सोडी संजय, सोडी गोपाल, सोडी सोनू, सोडी शंकर, सपके सुरेश और सोडी नारायण, ग्राम पेगड़ापल्ली से कारम रविज, सपके आनद, कारम गणपत, सपके संदेश, सपके रमेश, सपके अनिल, कारम लक्ष्मण और तालंडी किस्टैया, ग्राम धनोरा से पापैया हपका, सपके संजय, सपके गोपाल, पीरला नरेंद्र, कारम अनिल और कारम अशोक, ग्राम मलगोडा से तुलसी हपका, ग्राम कोतापाल से चेलमैया पदम और शंकर पदम, ग्राम अंगमपल्ली से राकेश यालम, गणपत यालम, निमैया अंगमपल्ली, हनमैया यालम और राजेश अंगमपल्ली और ग्राम मीनूर से सदानंद सपके और जयंत सपके आदि शामिल थे। समाजवादी पार्टी से कांग्रेस प्रवेश करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को फूल मालाओं और कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत करते हुए विधिवत कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कराया गया है।

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के विकास कार्यो से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी के 75 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किए है जिनका विधिवत कांग्रेस पार्टी में शामिल कर लिया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के 75 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रवेश किया है इससे पार्टी को और मज़बूती मिलेगी अन्य दलों के कार्यकर्ता लगातार संपर्क कर रहे है आने वाले दिनों में और लोग कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करेंगे।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, पीसीसी सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के प्रवक्ता ज्योति कुमार, जिला महामंत्री सुखदेव नाग, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चापा सुरेंद्र, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुनील उद्दे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मद्देद के अध्यक्ष तलण्डी इस्तारी, सहप्रवक्ता प्रवीण उद्दे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# लौहनगरी में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली, 9 अप्रैल।** अंजनी पुत्र हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर राम नगर वार्ड क्रमांक 10 पुराना मार्केट बचेली से शुक्रवार दिनांक 07 अप्रेल को हनुमान जनमोत्स्व समिति द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई थीं शाम 4 बजे पुराना मार्केट स्तिथ शितला माता मंदिर से निकली।

शोभायात्रा यात्रा लेबर हटमेंट हनुमान मंदिर से पुराना मार्केट स्तिथ राधा कृष्ण मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग गौरव पथ एन एमडीसी प्रवेशद्वार, घड़ी चौक, बँगाली कैम्प नंबर 02 होते हुये पूरे नगर में भ्रमण कराया इस अवसर पर रथ पर सवार श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान का वेशधारण किये नव निहाल जो कि आकर्षण का केन्द्र रहें। वहीं नगर में जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल हुए भक्तगणो के लिए सर्बत ठंडा की व्यवस्था भी की गई थी आतिशबाजियो के बीच माथे पर तिलक एवं सिर में भगवा साफा बांधे हुए बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाए सभी एक ही नारा एक ही नाम, जय राम के जयकारे लगाते हुये शोभायात्रा में शामिल हुए। साथ ही सभी घर-घर भगवा छायेगा, बजरंग बली जैसे ओजपूर्ण गीतो की धुन पर जमकर थिरकते रहे। वही नगर जय राम के जयकारो से गुंजायमान हो उठी चारो ओर भगवा ध्वजा लहराता रहा। वहीं सुरक्षा को लेकर बचेली नगर निरीक्षक गोविन्द यादव, उप नगर निरक्षक राजीव नहर अपने जवानो के साथ शोभा यात्रा को शाँति पुर्ण एवं सौहार्द के साथ सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम का समापन मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर में की गई समापन के दौरान शोभा यात्रा को संबोधित करते हुए समिति सदस्यों की और से नगरीय प्रशासन एवं विशेष कर पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित की गई एवं प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं लौहनगरी बचेली में हनुमान जन्मोत्सव पूरे जोश खरोस और बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जहां मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की ताता लगी हुई थीं भक्तगण हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे वहीं हनुमान टेकरी, एवं मुख्य बाजार में स्तिथ हनुमान मंदिर को फूल-माला सजाकर आकर्षक रोशनियों से मंदिरों को सजाया गया था. जगह-जगह हनुमान मंदिरों में भंडारे के आयोजन भी किये गए थे।

---

# 62 लाख की लागत से जगमगाया भैरमगढ़ का हाईस्कूल ग्राउंड, अब होंगे डे-नाइट मैच

**विधायक विक्रम मंडावी ने नगरवसियों की उपस्थिति में पूजा कर जलाई फ्लड लाइट**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 9 अप्रैल।** भैरमगढ़ नगरवासियों की लंबे समय की माँग थी की भैरमगढ़ के हाई स्कूल मैदान में रात्रिकालीन मैचों के लिये फ़्लडलाइट लगे नगरवसियों की माँग के अनुरूप बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के विशेष पहल से हाई स्कूल मैदान में 62 लाख रुपये की लागत से फ़्लडलाइट लगाने का कार्य पूर्ण होने के बाद 8 मार्च शनिवार शाम पूजा अर्चना कर विधायक विक्रम मंडावी ने फ़्लडलाइट का शुभारंभ किया अब इस मैदान में भैरमगढ़ के खेल प्रेमी डे-नाइट प्रतियोगिताओं का आनद ले सकेंगे। विधायक विक्रम मंडावी ने फ़्लडलाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि बीजापुर जिले के युवाओं ने खेल के क्षेत्र में बीजापुर जिले को देश में नई पहचान दिलाई है खेल के क्षेत्र में कैरियर बनाने वाले युवाओं को इस मैदान में बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलेगा, आने वाले दिनों में इस हाईस्कूल खेल मैदान भैरमगढ़ को सर्वसुविधा युक्त बनाने की दिशा में हम सब मिलकर कार्य करेंगे। फ़्लडलाइट के शुभारंभ होने के बाद नगरवासियों ने रात्रिकालीन क्रिकेट मैच का आनद भी लिया विधायक विक्रम मंडावी ने भी मैच खेला। इस दौरान नगरपंचायत अध्यक्ष सुखमती माँझी, जनपद पंचायत अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, कांग्रेस जिला महामंत्री सुखदेव नाग, सांसद प्रतिनिधि सीताराम माँझी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लच्छु राम मौर्य, स्कूल प्राचार्य प्रहलाद जैन, प्रवक्ता मोहित चौहान, अभिषेक ठाकुर, राजेश गुप्ता, बीडीएससी के अध्यक्ष हितेश कपूर सहित क्लब के सभी सदस्य एवं भैरमगढ़ नगर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### हार्ट-अटैक से सीआरपीएफ जवान की मौत



**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीआरपीएफ 222 बटालियन में तैनात जवान की हार्ट- अटैक से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर 12 बजे के आसपास मिंगाचल कैम्प में तैनात सीआरपीएफ 222 बटालियन के जवान रविंद्र सिंह सिकरवार की हदयघात से मौत हो गयी। जवान मध्यप्रदेश मुरैना के रहने वाले थे। एडिसनल एसपी चंद्रकांत गवर्णा ने घटना की पुष्टि करते हुऐ बताया, कि मिंगाचल में पदस्थ जवान रविंद्र सिंह सिकरवार को दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अचानक दिल का दौरा पडने से मौत हो गयी। जवान का शव मिंगाचल कैम्प से जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्डम के बाद शव को गृहग्राम भेजा जाएगा।

---

**सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को बांटी जरूरी सामग्री**

# सामान पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे, क्रिकेट किट पाकर बच्चों में दिखी खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम, 9 अप्रैल।** भारत सरकार के निर्देशानुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में समय समय पर सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ढ्ढ इसी क्रम में दिनांक 8 अप्रैल को नीरज यादव, कमान्डेंट-111 बटालियन, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के निर्देशानुसार ए/111 बटालियन कोंडापारा के द्वारा कोंडापारा के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत आवश्यक सामग्री एवं दवाओं का वितरण किया गया जिसमे कोंडापारा, उत्तमपारा, एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के पुरुष, महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए ढ्ढ इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को वाटर सिंटेक्स, क्रिकेट बैट, बॉल, इत्यादि वितरित किये गए, साथ ही ग्रामीणों को देश और क्षेत्र की विकास योजनाओं की तजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शांति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए नक्सल उन्मूलन अभियान से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इसके साथ ही चिकित्सा कैम्प भी लगाकर बटालियन के अस्सालिक कार्मिको की मदद से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित ग्रामीणों की जाँच की गई एवं उपचार हेतु विभिन्न प्रकार की आवश्यक दवाओं के साथ मल्टी विटामिन टेबलेट इत्यादि का वितरण किया गया ढ्ढ इस अवसर पर रक्षा राम मिश्रा, सहायक कमांडेंट, 111 बटालियन, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा ग्रामीणों तथा नवयुवकों को हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने तथा भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में जागरूक किया गया ढ्ढ सिविक एक्शन कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों के कार्य के प्रति सराहना भी की गई ढ्ढ इस कार्यक्रम में 111 बटालियन के रक्षा राम मिश्रा, सहायक कमान्डेंट, निरीक्षक/जीडी रामेश्वर खरसाडे के साथ बटालियन के अन्य जवान भी उपस्थित हुए।

---

## समाचार संक्षेप

### आश्रम-छात्रावास के विद्यार्थियों का शतप्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें: डॉ. प्रियंका शुक्ला



**उत्तर बस्तर-कांकेर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर आश्रम छात्रावास में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अच्छे वातावरण निर्मित कर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करे। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय और आश्रम छात्रावास में शतप्रतिशत प्रवेश दिलाकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तथा विद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों का शतप्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने विद्यार्थियों को सबसे पहले प्रवेश दिलाने के साथ ही उनके डर मिटाने के लिए अच्छे व्यवहार करे। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षायुक्त जिज्ञास दिखाने तथा साफ-सफाई के साथ खान-पान में विशेष ध्यान देने निर्देशित किये। आश्रम छात्रावास के बच्चों को प्रतिदिन प्रोटीनयुक्त सब्जी खिलाएं जिससे, स्वास्थ्य अच्छा बना रहे। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने जिले में संचालित आश्रम-छात्रावस में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को नीट, जेईई में प्रवेश दिलाने के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित करे ताकि शतप्रतिशत बच्चो का चयन हो सके। प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय और कन्या क्रीड़ा परिसर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अच्छे वातावरण निर्मित कर शिक्षा के प्रति जिज्ञासा बढ़ायें। उन्होंने प्रीमैट्रिक एवं पोस्टमैट्रिक और आश्रम छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी ली। उन्होंने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दंपत्तियों को मिलने वाली राशि के संबंध में भी विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने मण्डल संयोजको को निर्देशित करते हुए कहा कि आश्रम छात्रावास में बच्चो को पढ़ने के लिए प्रेरित करे। युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत 12वीं उत्तीर्ण बच्चो को विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए इस योजना से जोड़ने के लिए निर्देशित किये।

### निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें: कलेक्टर



**उत्तर बस्तर-कांकेर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका षुक्ला द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र षिक्षा, आरएमएसए की संयुक्त बैठक लेकर अपूर्ण निर्माण कार्यों एवं शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, निःषुल्क अवासीय कोचिंग, इत्यादि विषय पर समीक्षा की गई। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारीयों को सभी अपूर्ण निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देष दिये। समग्र शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत किये जा रहे मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों को 30 मई तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने निर्देषित किये। उन्होंने जेईई एवं एनडीए कोचिंग की जानकारी लेते हुए जिले में नीट की कोचिंग संचालित करने तथा कार्ययोजना प्रस्तुत करने निर्देषित किये। माह अप्रैल में जिन बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नही बनाये गये हैं, उन्हे प्राथमिकता के साथ शतप्रतिषत जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा चिरायु योजना से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकित कर षिविर लगाकर ईलाज कराने के निर्देष दिये। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने विकासखंड कोयलीबेडा, अंतागढ, दुर्गूकोंदल के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को 30 अप्रैल तक अधूरे निर्माण कार्यों करे पूर्ण करने के निर्देष दिये। जिले में एक भी विद्यालय मरम्मत योग्य न हो इस बात का विषेष ध्यान दें। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी मध्यम विद्यालय के स्वीकृत मरम्मत कार्य को 20 अप्रैल तक तथा नवीन निर्माण कार्य 15 मई तक पूर्ण करने हेतु निर्देषित किया गया। प्रत्येक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के षिक्षकों का उन्मुखीकरण प्रषिक्षण कराने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देष दिये। जिले के व्याख्याताओं के लिए भी उन्मुखीकरण प्रषिक्षण कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देष दिये। उन्होंने बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां करवाने हेतु निर्देषित किया गया। कक्ष 12वीं उत्तीर्ण युवाओं को रोजगारनोम्खुी प्रषिक्षण दिलाकर उन्हे रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना तैयार करने निर्देषित किया गया।

### अराध्य देव चिकटराज मेला में बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को दी शासन की योजनाओं की जानकारी



**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के अराध्य देव चिकटराज का मेला मंगलवार को बीजापुर में आयोजित हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए विशाल जनसमुदाय को बीजादूतीर स्वयं सेवकों ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत करया जिसमें मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मलेरिया एवं एनीमिया मुक्त बीजापुर, पोषण पुर्नवास केन्द्र में कुपोषित बच्चों को पोषण आहार प्रदाय कराने सहित स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न योजनाओं ने लाभान्वित होने, योजनाओं के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और लोगो को जागरुक किया। मेले में क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने बीजादूतीर स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया।

### शिव मंदिर घाटी के नीचे और नेशनल हाईवे के समीप बनेगा एनीकट, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने महादेव घाटी स्थित शिव मंदिर एवं वहां से कुछ दूर पर नेशनल हाईवे के नीचे स्थित पुलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग कार्यपालन अभियंता एमएल टंडन सहित इंजीनियर एवं तकनीकी अमला मौजूद थे। कलेक्टर कटारा ने मौके का निरीक्षण कर स्टीमेट बनाने एवं आवश्यक प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरु करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। ज्ञात हो कि महादेव घाटी शिव मंदिर के नीचे जल-भराव की स्थिति रहती है एनीकट निर्माण से वर्ष भर पानी पर्याप्त मात्रा में रहेगा। जिससे मंदिर आने वाले भक्तों को स्नान, पशुओ को पेयजल सहित जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी, शहर के लोगों ने पूर्व में भी कलेक्टर से एनीकट निर्माण की मांग करते आ रहे है मांग के अनुरुप कलेक्टर कटारा ने एनीकट निर्माण हेतु सहमति दी थी।

## एक नजर

### मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे शिक्षा सचिव

**महासमुंद 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के सचिव व्हीके गोयल ने आकस्मिक निरीक्षण के लिए केन्द्रीय मूल्यांकन केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद पहुंचे। साथ में सहायक संचालक हिमांशु भारतीय एवं विद्योचित विभाग की प्रोफेसर थी। मूल्यांकन केन्द्र में सर्वप्रथम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जिसमें मूल्यांकित एवं अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिका रखने मूल्यांकन पश्चात कोडिंग कर वापस बोर्ड को भेजने संबंधित जानकारी स्ट्रांग रूम प्रभारी भेषलाल ठाकुर से प्राप्त की। पश्चात सभी विषयवार अलग अलग कक्षों में सचिव के साथ हिमांशु भारतीय, मूल्यांकन केन्द्राधिकारी हेमेंन्द्र आचार्य, सहायक मूल्यांकन केन्द्राधिकारी चमन चन्द्राकर एवं पर्यवेक्षक एमडी वर्मा सूक्ष्म निरीक्षण किए। सचिव ने मूल्यांकनकर्ताओं को अंकसूची के फाइल एवं काउंटर फाइल भरते समय विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करते हुए सभी पृष्ठवार केरी फारवर्ड एवं प्रथम पेज में पोस्टिंग अंकों का सावधानी पूर्वक मिलान करने के लिए निर्देशित किए। ताकि, पुनर्गणना या पुनर्मूल्यांकन की स्थिति कम से कम निर्मित हो। प्रोफेसर गोयल ने त्रुटिरहित मूल्यांकन पर जोर दिया। सचिव गोयल नें मूल्यांकन केन्द्राधिकारी आचार्य से मूल्यांकन की प्रगति रिपोर्ट ली। मूल्यांकन केन्द्राधिकारी ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा के मुख्य 03 विषय, हायर सेकेण्डरी परीक्षा के 06 विषयों एवं सभी व्यवसायिक विषय का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। इस मूल्यांकन केन्द्र में दो बार में 10वीं की 62712 एवं 12वी में 50947 कुल 113659 उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के लिए पहुंची, जिसमें 88056 उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। शेष बचत 25603 उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन बोर्ड द्वारा दिए गए समय सीमा 17 अप्रैल तक पूर्ण हो जाएगा। मूल्यांकन कार्य की प्रगति रिपोर्ट पर बोर्ड के सचिव व्हीके गोयल ने मूल्यांकन कार्य में लगे पूरी टीम के कार्यों पर हर्ष जताया।

### कलेक्टर ने गोबर पेंट से की स्कूल में रंग रोगन की शुरुआत

**रायगढ़, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा कल विकासखंड लैलूंगा के बूढ़ीकुटेल के प्राथमिक शाला पहुंचे। यहां उन्होंने गोबर पेंट का उपयोग कर स्कूल में रंग रोगन कार्य की शुरूआत की। उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के मरम्मत कार्यों की तारीफ करते हुए, ठेकेदार को सभी स्कूलों में गोबर पेंट से रंग-रोगन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लैलूंगा विधायक श्री चक्रधर सिंह सिदार, सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे। लैलूंगा विकासखंड के दौरे पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने यूथ सेंटर, स्कूल, छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अधोसरंचना निर्माण एवं व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधोसरंचना निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। मौके पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने घरघोड़ा स्थित बनाए जा रहे यूथ सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने लाइब्रेरी एवं चल मरम्मत कार्यों को देखा। उन्होंने कोचिंग के लिए मौजूद शेड में आवश्यक बैठक एवं पंखा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कोचिंग के लिए स्थानीय शिक्षकों की व्यवस्था की जानकारी ली। जिससे बच्चे नीट, जेईई के लिए बेहतर तैयारी कर सके। इस दौरान उन्होंने बच्चो के लिए कैरम, शतरंज जैसे खेल सामग्री भी प्रदान करने के निर्देश दिए।

### सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण: तीन गांवों में पूर्ण

**रायगढ़, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 1 अप्रैल 2023 से चलाए जा रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 अभियान के अंतर्गत योजनाबद्ध तरीके से सर्वेक्षण का कार्य जिले में किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायगढ़ जिले के तीन गांवों में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें रायगढ़ विकासखंड का भेलवाटिकरा और घरघोड़ा विकासखंड के दो गांव ग्राम पंचायत नवागांव के तेंदूभांठा एवं ग्राम पंचायत भेंगारी के खोखरोआमा में सर्वे पूरा कर लिया गया है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से किए गए सामूहिक प्रयास का ही परिणाम है कि जिले में तीन गांवों में सर्वे पूर्ण हो चुका है। उन्होंने गांवों में सर्वे कार्य पूर्ण होने पर प्रगणक, रोजगार सहायक, सरपंच, सुपरवाईजर को बधाई दी है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार 01 अप्रेल से पूरे प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शुरू हो गया।

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की हुई नवीन पदस्थापना

**रायगढ़, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कार्यालयीन कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को नवीन पदस्थापना स्थान में अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया है। इनमें तहसीलदार श्री अनुज कुमार पटेल को अतिरिक्त तहसीलदार तमनार तथा नायब तहसीलदार श्री लीलाधर चन्द्रा को प्रभारी तहसीलदार तमनार में पदस्थ किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# जल संसाधन विभाग छुरा बना भ्रष्टाचार का गढ़

## साल भर भी नहीं हुआ और अभी से टूटने लगा है स्ट्रेक्चर

- लाइनिंग कार्य सहित विभिन्न कार्यों में जगह-जगह दिख रही है भ्रष्टाचार की दरारें
- सालों से एक ही जगह अंगद की तरह पैर जमाए हुए हैं लापरवाह अधिकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 9 अप्रैल।** शासन द्वारा किसान और आम जनता के हित के लिए अनेकों योजना बनाकर करोड़ो अरबों की राशि जलसंसाधन विभाग को दे रहे है।ताकि इसका समुचित लाभ आम नागरिक और किसानों को मिल सके।लेकिन जलसंसाधन विभाग की भ्रष्ट नीति शासन की योजना को पूरी तरह से पलीता लगाने का कार्य कर रहा है।विभाग के अधिकारी ठेकेदार के साथ सांठ गांठ कर और घटिया निर्माण कर करोड़ो का व्यारा न्यारा करने में लगे है।लेकिन उच्च अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियो को इस ओर कोई ध्यान नही है।नतीजन अधिकारी व ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य कर शासन को करोड़ो का चूना लगा रहे है और अपना जेब गर्म करने में लगे है।

गरियाबंद जिला अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक छुरा में जल संसाधन विभाग अंतर्गत दर्जनों निर्माण व विकास कार्य स्वीकृत हुए है।जो कछुआ गति से भी धीमी चल रहा है। जलसंसाधान उप संभाग छुरा अंतर्गत चल रहे जितने भी निर्माण व विकास कार्य है उसमे भ्रष्टाचार की बू आ रही है।पीपरछेडी बांध व नहर निर्माण कार्य से लेकर टेंगनाही बांध से माइनर में लाइनिंग कार्य सहित खरखरा जलाशय अंतर्गत माइनर नाली में चल रहे लाइनिंग कार्य में विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार जमकर अनियमितता बरत रहे है और कमीशन खोरी कर शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना में बंदरबाट करने में लगे है।

मामले को लेकर उक्त विभाग के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों का पड़ताल किया गया। जहा एक बड़ी लापरवाही देखने को मिला। टेंगनाही माइनर नाली लायनिग कार्य हुए साल भर भी नही हुआ और जगह जगह भ्रष्टाचार की दरारें अभी से दिखने लगा है।पिपरछेड़ी का बांध और नए नाली निर्माण में अनेक प्रकार की लापरवाही विभाग के जिम्मेदारों की पोल खोल रहा है। ऐसे कई दर्जनों मामले विभाग में है जो विभाग के अधिकारियों की भ्रष्ट नीति को उजागर कर रहा है। ऐसे कईयों इस विभाग में दर्जनों मामला है जिसका पड़ताल कर जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

**अंगद की तरह एक ही जगह पैर जमाए बैठे है विभाग के अधिकारी :** आपको बता दे की जलसंसाधन विभाग छुरा में पंच भावे एसडीओ के जिम्मेदार पद पर पदस्थ है जो लगभग 20 सालो से अधिक समय से एक जगह जमे हुए है।जिसका उच्च अधिकारियों सहित आला नेताओं से अच्छी पकड़ होने से आज तक इसका स्थांतरण नही हो पाया।जिससे तबादला नीति का जमकर धज्जियां उड़ा है।दिलचस्प बात ये है की उक्त अधिकारी पहुंच और पावर के साथ भ्रष्टाचार को भी बखूबी अंजाम देता है।वही इसकी लापरवाही और ठसनबाजी इतनी है की ये कभी दफ्तर में भी नही मिलते और न ही अपने सरकारी क्वार्टर में भी नही रहते 90 किलोमीटर दूर रायपुर से कार्यो की मॉनिटरिंग केवल दस्तावेजों में करते है कुल मिलाकर कहा जाए की उक्त गैरजिम्मेदार लापरवाह अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त होकर इसे बढ़ावा देने में लगे है।लेकिन देश की सबसे बड़ी एजेंसी ईडी की इस ओर कभी ध्यान नहीं गया वही मामले को लेकर एसडीओ पंच भावे को उसका पक्ष जानने उसके मोबाइल नंबर पर कॉल करने पर आउट ऑफ कवरेज आया।

> शासन की योजना और जनता के हितों के प्रति विभाग में चल रहे निर्माण कार्य में बिल्कुल भी कोताही नहीं बरती जायेगा ।जो लापरवाही करेंगे उस पर कार्यवाही होगा ।मै लगातार कार्य में सुधार का प्रयास कर रहा हु और बेहतरीन कार्य करने की कोशिश है।
>
> **ईई बर्मन,जल संसाधन विभाग गरियाबंद**

# एक-एक लाख के दो इनामी नक्सलियों को सुकमा पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. एक-एक लाख के दो इनामी नक्सली कमांडर को विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है. पकड़े गए दोनों नक्सली सुकमा और दन्तेवाड़ा जिले में कई नक्सली हमले में शामिल थे. दोनों नक्सलियों को सुकमा जिले के कुकानार थाना क्षेत्र से पकड़ा गया है. नक्सली संगठन में 1 शख्स मिलिशिया कमाण्डर के पद पर था. गिरफ्तार दोनों नक्सली पर छत्तीसगढ़ सरकार ने एक-एक लाख रूपये का इनाम घोषित कर रखा था. इस कार्रवाई में जिला बल और डीआरजी की संयुक्त टीम शामिल थी. शुक्रवार को नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस को कुकानार थाना क्षेत्र के जंगल पहाड़ी में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में विस्फोटक बनाने की सूचना मिली थी. सूचना मिलने के बाद जिला बल और डीआरजी की संयुक्त टीम ने कुन्ना के कांवडपारा और पेदापारा के जंगलों में सर्चिंग अभियान शुरू किया. अभियान के दौरान ग्राम कुन्ना के जंगल पहाड़ी के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को आते देख छुपने की कोशिश करने लगे. पुलिस ने घेराबंदी कर इन्हें पकड़ लिया. आरोपियों से भागने का कारण पूछने पर वो संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए. कड़ाई से पूछताछ करने पर पकड़े गए दोनों नक्सलियों ने अपना नाम मुचाकी सुखराम उर्फ हड़मा और माड़वी बताया. पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर 1 टिफिन बम , लगभग 08-10 किलोग्राम विस्फोटक, 12 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक मल्टीमीटर, 60 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, बैटरी, इलेक्ट्रिक वायर, फटाका, जूता, पिट्ठू बैग, इंजेक्शन, दवाइयां, नक्सली साहित्य समेत कई चीजें बरामद की है. दोनों नक्सलियों के खिलाफ कुकानार थाना में केस दर्ज किया गया है. इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# नपाध्यक्ष ने सांसद को सौंपा पत्र, पूछे सवाल

**महासमुंद 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के 14 विधायकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चर्चा पर बुलाए जाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने चुटकी लेते हुए सांसद चुन्नीलाल साहू को एक पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने उन विधायकों सहित सांसद से सवाल किया है कि, देश की जनता क्या गुनाह किया है कि, एक के बाद एक कमर तोड़ महंगाई की मार पड़ रहीं।

नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शुक्रवार को सांसद चुन्नीलाल साहू से मुलाकात कर उन्हें एक स्मरण पत्र सौंपा। श्रीमती महिलांग ने छत्तीसगढ़ के 14 विधायकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुलावे पर चर्चा पर जाने को हास्यास्पद करार देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के पौने तीन करोड़ जनता ने उन विधायकों को भी अपना अमूल्य मत देकर चुना है तो क्या छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति उनकी कोई जवाबदेही नहीं बनती कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कमर तोड़ महंगाई से आम जनता को राहत पहुंचाने की अपनी ओर से मांग रखें।

इस दौरान नपाध्यक्ष महिलांग ने सांसद से कहा कि 2014 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में जनमानस ने आपके दल भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने व आपके पार्टी के सांसद चुने। पुनः लोकसभा चुनाव में आपको जनता ने भारी बहुमत से विजय का आशीर्वाद देकर लोकसभा का सदस्य निर्वाचित किया था। आपके विधायक और सांसद ने छत्तीसगढ़ के पौने तीन करोड़ जनमानस का विश्वास को तोड़ने के अलावा छत्तीसगढ़ के विकास में रोड़ा अटकाने का काम किया है। आम जनता अपनी अनेक मूलभूत समस्याओं के निराकरण की आशा आप से की थी, जो आज तक अधूरी ही है। नपाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के अनेक योजनाएं विशेषतः सिंचाई योजनाएं केंद्र सरकार के अधीन केंद्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय में अनापत्ति प्रमाण के लिए लंबित है।

# देश को अंग्रेजी गुलामी से मुक्ति मिली किन्तु नेताओं की गुलामी से मुक्ति नहीं

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजिम 9 अप्रैल।** जिला गरियाबंद के पूर्व भाजपा जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि आजादी के 75 साल अमृत महोत्सव भारत देश मना रहा है और भारत विकसित राष्ट्र बनने की प्रगति के पथ पर है।भारत के वैज्ञानिक और विज्ञान ने चन्द्रमा,मंगल और बुध तक जाने की सौपान गढ़ लिया लेकिन हमारे महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र की धरती खासकर राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा की जनता अपने बेहाली पर आज भी आँसू बहा रही है ? इस क्षेत्र के नुमाईदों ने 1952 से दिल्ली की सदन में अपना डंका बजाया किन्तु क्षेत्र की डंका कभी नहीं बजी ? अमीर धरती के गरीब लोगों की कभी सुधी नहीं ली गई ? हमारे नुमाइंदों ने पद,प्रतिष्ठा और पैसा खूब कमाया।जनता को फटेहाल और तंगेहाल में छोड़ दिये।सिन्हा ने बताया कि अंग्रेजी हकूमत में रायपुर से राजिम और रायपुर से धमतरी सिहावा तक छोटी रेल लाइन पर छुकछुकिया गाड़ी चलती थी, वनाच्छादित क्षेत्र में साल पेड़ के जंगल होने के कारण रेल स्लीपर परिवहन होता था और यात्रा का भी लाभ मिलता रहा है किन्तु देश को अंग्रेजी गुलामी से मुक्ति मिली किन्तु नेताओं की गुलामी से मुक्ति नहीं मिली ? यह बताना लाजिमी होगा कि इस महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र से बड़े-बड़े राज नेताओं ने प्रतिनिधित्व किये विद्याचरण शुक्ल केन्द्र सरकार में लम्बे समय तक मन्त्री रहे राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र स्वर्ग से सुन्दर इलाका है।राजिम धार्मिक व पुण्य की भूमि त्रिवेणी संगम है तो बिन्द्रानवागढ़ में जल सम्पदा, वन सम्पदा खनिज संपदा की प्रचुरता है जो विश्व पटल में नाम है क्षेत्र के लोगों का जीविकोपार्जन का मुख्य साधन खेती एवं वनोपज संग्रहण से होता है।खेती आज भी परम्परागत है और प्रकृति भरोसे पर है।अल्पवृष्टि और अतिवृष्टि का भी मार किसानों को सहना पड़ता है। 70 प्रतिशत भगवान भरोसे वर्षा के जल पर निर्भर हैं जिसमें वैज्ञानिक पध्दति का कोई लाभ नहीं है ? किसान आज भी आलू के फसल में ऊपर टमाटर फले और नीचे आलू कंद जमे जिससे दो फसल का लाभ मिले ऐसे तकनीक का किसान बाट जोह रहा है।पंजाब, हरियाणा, दिल्ली,उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे राज्यों के विकसित किसान बनाने का कभी प्रयास नहीं किया गया ? जबकि किसानों में वे सारे विकसित श्रम मौजूद है।आज भी ऐसे निकम्मे जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रवासियों ने उम्मीद बनाये हुये हैं।भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने आगे बताया कि हालांकि पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू ने रायपुर से राजिम और रायपुर से धमतरी के छोटी रेललाईन को बड़ी रेललाईन कराने में सफल हो गए और बड़ी रेलपांत बिछाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।जब मैंने पूर्व सांसद साहू जी को राजिम से देवभोग होकर भवानीपटना उड़ीसा तक रेल लाइन जोड़ने के सम्बंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र में रेल सुविधा कराने मांग किया था जिसका सर्वेक्षण करने के बाद बताया गया कि इस क्षेत्र में रेल चलाने से रेल्वे को कोई लाभ नहीं है।

# कांग्रेस के संरक्षण में युवक ने किया उन्माद फैलाने का कार्य: धनीराम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 9 अप्रैल।** जिले में एक युवक के द्वारा हिंदुओं को एवं हिंदूवादी संगठन वा भाजपा को सरेआम सोशल मीडिया में वीडियो बनाकर गाली गलौज एवं गौ मांस खाने का प्रदर्शन करने वाले युवक पर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने बयान जारी कर उस युवक को कांग्रेस का कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के संरक्षण से ही समाज में उन्माद फैलाने व दंगा करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। युवक के द्वारा जिस प्रकार से बजरंग दल एवं भारतीय जनता पार्टी के बारे में अपशब्द कहा गया एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ा गया उस युवक को कांग्रेस का ही संरक्षण प्राप्त था। सुकमा में लगातार कांग्रेस के इशारे पर हिंदू पर्व के दौरान अशांति फैलाने की नाकाम कोशिश की गई।पहले ही दिन हिंदू राष्ट्र का झंडा लगाने पर कांग्रेस के द्वारा कुछ युवकों को उकसाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जबकि प्रदेश के सभी जगह में हिंदू राष्ट्र से संबंधित बैनर पोस्टर लगे थे। वहां किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति नहीं हुई। पहले ही दिन उन्माद फैलाने की कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की कोशिश को भारतीय जनता पार्टी ने सभी पक्षों को समझाइश देकर माहौल शांत कराने का कोशिश किया। उसके बाद पोस्टर में सिर्फ रामनगर लिखे जाने पर कांग्रेस के ही द्वारा षड्यंत्र कर कुछ लोगों को भड़काकर फिर से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की नाकाम कोशिश की गई। एवं विवाद इतनी बढ़ गई कि पोस्टर जलाने का बात भी सरेआम किया गया। परंतु उस पर भी कांग्रेस के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए हिंदुओं पर लाठीचार्ज किया । जिससे साफ होता है कि एक वर्ग को खुश करने के लिए वोट बैंक के कारण हिंदुओं को दबाने एवं दंगे कराने की रणनीति सुकमा जिले में बनाई गई। हिंदू भाइयों के पर्व पर भय का वातावरण बनाया गया। परंतु शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर शोभा यात्रा का भव्य कार्यक्रम सफल हुआ। जिससे वोट बैंक के कारण उन्माद फैलाने कांग्रेस की साजिश को नाकाम होता हुआ देख कांग्रेस के ही संरक्षण प्राप्त उनका तथाकथित कार्यकर्ता ने इस तरह से सुकमा के शांतिपूर्ण वातावरण में जहर घोलने का काम किया। कोंटा विधायक कवासी लखमा द्वारा भी हिंदुओं के खिलाफ बयानबाजी से तथाकथित उन्माद फैलाने वाले हिंदू धर्म के विरोधियों को उकसाने पर बल मिला जिसमें हिंदुओं के ही बीच में अपने बयान बाजी से हिंदू समाज को दो वर्गों में बांटने की बात कही गई। उन्माद फैलाने वाला युवक कांग्रेस की रैली में भाग लेते हुए एवं कांग्रेस के नेताओं के साथ उसका फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिससे पूरी तरह से सिद्ध होता है कि उस युवक को कांग्रेसका संरक्षण प्राप्त था। और वह कांग्रेस का दंगा भड़काने वाली गोपनीय विंग का कार्यकर्ता था। हिंदू धर्म में गौ माता पूजनीय हैं। गाय का मांस आखिर उस युवक तक पहुंचा कैसी इसकी भी जांच होनी चाहिए। अवैध गौ मांस भी कांग्रेस के संरक्षण से अवैध तरीके से बेचा जा रहा है। जिससे हिंदू धर्म में लगातार रोष व्याप्त हैं। एवं हिंदू धर्म को लगातार राजनीतिक षड्यंत्र के तहत टारगेट किया जा रहा है।सुकमा जिला में उन्माद फैलाने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं भारतीय जनता पार्टी इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़ी निंदा करती है। एवं समाज में सभी को शांति बनाए रखने की अपील करती है।

## समाचार संक्षेप

### 30 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार




**सुकमा 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा, श्री किरण गंगाराम चव्हाण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा, श्री गौरव मण्डल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोटा, श्री रोहित शुक्ला पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंटा के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशन पर जिले में नशामुक्ति एवं अवैध गांजा तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कल दिनांक 08.04.2023 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी मनोतोश मिरधा पिता मोनोरंजन मिरधा उम्र 24 वर्ष जाति काइत्रो साकिन एम. व्ही. 65 थाना कालीमेला जिला मलकानगिरी ओडिशा को एक काले रंग की स्कोडा कार कमांक॰क्क09 क्चङ्क 9699 कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा 30 किलो 300 ग्राम के साथ थाना कोटा पुलिस निरीक्षक शिवानंद सिंह एवं थाना स्टाफ के द्वारा परिवहन करते हुये इंजरम में पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा 30 किलो 300 ग्राम अनुमानित कीमती 3,00,000.00 रुपये (तीन लाख रुपये मात्र) व स्कोडा कार कमांक॰क्क09 क्चङ्क 9699 का अनुमानित कीमती 3,00,000.00 रूपये (तीन लाख रूपये मात्र) एवं अन्य सामान कुल जुमला कीमती करीबन 6,04,540.00 (छः लाख चार हजार पांच सौ चालीस रूपये मात्र) होना पाया गया। बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं कार को जसकर आरोपी मनोतोश मिरधा को गिरफ्तार किया गया एवं थाना कोंटा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### मंगन समाज ने धर्मांतरित व्यक्तियों की घर वापसी कराई



**सुकमा 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम पंचायत गुम्मा के टोटापारा में मंगन समाज विकास समिति बस्तर संभाग के द्वारा बैठक आहूत की गई जहां समाज के प्रमुखों के द्वारा धर्मपरिवर्तन किए व्यक्तियों को घर वापसी किया अपने धर्म के रीति रिवाज से भटक कर ईसाई धर्म अपना लिया गया था। घर वापसी इन तीन परिवारों को किया रामधर पिता महारू नाग रजी नाग पिता लक्ष्मण नाथ भगत नाग पिता लक्ष्मण नाग ने घर वापसी कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजन किया गया जहां ग्राम के सभी प्रमुख लोगो की मौजूदगी में मंगन समाज के संभाग के अध्यक्ष माननीय मुना राम नाग संभाग सचिव नैयलो राम संभाग संगठन मंत्री बलीराम नाग ,ऑडी राम नाग जिला सुकमा के अध्यक्ष गुसेश्वर नाग सचिव मंगल राम बघेल उपाध्यक्ष मेहतर बघेल मीडिया प्रभारी मनतो राम नाग, मनीराम नाग,कुरती नाग , महेश बघेल, कमल सिंह बघेल, मोती सिंह बघेल, नरसिंह बघेल, महारु नाग, मछिंद्रनाथ, सुखमन नाग , धर्म सिंह बघेल, लक्ष्मण नाग ,परम सिंह बघेल की मौजूदगी में धर्मपरिवर्तन किए व्यक्तियों को घर वापसी किया गया।

### मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक एएसआई ने दो लोगों से की मारपीट, एफआरआई दर्ज

**भिलाई 9 अप्रैल।** मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात एक एएसआइ ने दो लोगों पर मारपीट, वर्दी फाडने और जातिगत गालियां देने का आरोप लगाते हुए दुर्ग कोतवाली थाना में एफआइआर दर्ज कराई है आरोपितों में एक वो व्यक्ति है, जिसने महीने भर पहले एएसआइ का रिश्वत मांगने का स्टिंग आपरेशन कर एसपी से शिकायत की थी शिकायत के बाद से एएसआइ लाइन अटैच है वहीं स्टिंग आपरेशन व रिश्वत मांगने के अगले दिन ही एएसआइ, स्टिंग आपरेशन करने वाले के घर गया था और उसके पैरों में गिरकर माफी मांगता दिखा था दो सप्ताह पहले उसका भी सीसीटीवी फुटेज प्रसारित हुआ था एएसआइ ने आरोप लगाया कि ड्यूटी के दौरान दोनों आरोपितों ने उसे जातिगत गालियां दी और 1. उसकी वर्दी फाड़ी जिसकी शिकायत पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट शासकीय में कार्य में बाधा, शासकीय सेवक से मारपीट और अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार पर ड्यूटी में तैनात था इसी दौरान आरोपित सुखवंत सिंह और प्रिंस सिंह वहां पर पहुंचे आरोपित सुखवंत सिंह ने एएसआइ से कहा कि तेरा वीडियो वायरल किया तो कैसा लगा? इस पर एएसआइ नारद लाल टांडेकर ने कहा कि वो अपनी कैंसर पीड़ित पत्नी और बच्चों के चलते चरण छूकर माफी मांगने गया था और सुखवंत इतना गद्दार निकला कि उसका भी वीडियो प्रसारित कर दिया गद्दार बोलने पर सुखवंत सिंह नाराज हो गया और उसने उसके साथी प्रिंस सिंह ने एएसआइ को जातिगत गालियां देते हुए उससे मारपीट की आरोपितों ने झूमाझटकी ने झूमाझटकी पर ड्यूटी में तैनात था इसी दौरान आरोपित सुखवंत सिंह और प्रिंस सिंह वहां पर पहुंचे आरोपित सुखवंत सिंह ने एएसआइ से कहा कि तेरा वीडियो वायरल किया तो कर उसकी वर्दी भी फाड़ दी वहां पर तैनात आरक्षक अरविंद मेढे और अन्य लोगों ने बीच बचाव किया इसके बाद दुर्ग कोतवाली पुलिस दोनों आरोपितों को पकड़कर थाना ले गई और आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर उन्हें गिरफ्तार किया जानिए एएसआइ और सुखवंत सिंह के बीच के विवाद की वजह पांच मार्च को सुखवंत सिंह ने खुर्सीपार थाना में पदस्थ एसआइ सतीश साहू और पुरानी भिलाई में पदस्थ एएसआइ नारद लाल टांडेकर का एक स्टिंग प्रसारित करते हुए एसपी से शिकायत की थी दोनों मामलों में पुलिस कर्मियों ने एक्सीडेंट के केस में रिश्वत मांगी थी इसके बाद दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने दोनों पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच कर दिया था शिकायत के दूसरे दिन ही एएसआइ नारद लाल टांडेकर एक सिपाही अरविंद अरविंद मेढे के साथ सुखवंत सिंह के घर पर गया था घर में घुसते ही एएसआइ नारद लाल टांडेकर, सुखवंत सिंह के पैरों में गिर गया और उसके बाद घुटनों पर बैठकर हाथ जोड़ने लगा सुखवंत सिंह के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में इसकी भी रिकार्डिंग हो गई इस घटना के करीब दो सप्ताह बाद सुखवंत सिंह के पैरों में गिरे एएसआइ का वीडियो प्रसारित हुआ हुई मारपीट की घटना भी इसी दो हफ्ते पूर्व प्रसारित हुए वीडियो में सुखवंत के पैरों में गिरकर माफी मांगता नजर आया था एएसआइ दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई एसएन सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है जातिगत विषयक मामलों की जांच अजाक डीएसपी कर रहे हैं

# शहर में अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

## अवैध शराब व चोरी का माल लेने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में, अवैध शराब बेचने वाले व होटल ढाबा संचालकों पर पैनी नजर, कबाड की दुकान से भारी मात्रा में लोहे का सामान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 9 अप्रैल।** डोंगरगढ़ थाना में प्रभारी एमन साहू के आते ही धर्मनगरी में अवैध कार्य करने वाले लोगों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज किया गया है. जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के दिशानिर्देश पर अवैध शराब विक्रय पर अकुंश लाने हेतु एक विशेष टीम तैयार कर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में अलग-अलग जगहो पर बस स्टैण्ड डोंगरगढ स्थित मान होटल, बधियाटोला स्थित मस्ती ढाबा, बस स्टैण्ड डूडेरा दबिश की दी गयी है। उपरोक्त आरोपीगणो से देशी शराब 48 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला मात्रा 08 लीटर 640 एमएल कीमती विक्रय राशि सहित 5800 /रु को विधिवत जप्त किया जाकर आरोपियो के विरूध्द पृथक पृथक अपराध क्रमांक 167/2023, 168/2023, 169 / 2023, धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट कायम किया गया है।

इसी कडी में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ की बगदईपारा अछोली स्थित कबाडी मो. सरताज पिता ईकबाल हुसैन के द्वारा चोरी का समान अज्ञात व्यक्त्यिो से खरीदी करने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच कर कबाडी से 06 नग लोहे का एंगल, सायकल का फ्रेम 02 नग, मोटर सायकल का मटगार्ड 05 नग, लोहे का पुरानी इस्तेमाली सरिया 20 नग, लोहे का ड्रम 01 नग, सायकल का चैन 05 नग, लोहे का क्लेम 06 नग जुमला कीमती 20000 /रू के संबंध में रसीद प्रस्तुत करने धारा 91 जा0फौ0 का नोटिस दिया गया जिस पर आरोपी मो. सरताज पिता ईकबाल हुसैन के द्वारा कोई भी दस्तवेज प्रस्तुत नही किया गया। चोरी का माल होने के संदेह पर समक्ष गवाहो के उपरोक्त समानो को जप्त किया गया आरोपी के विरूध्द 41 ( 1 + 4 ) जा0फौ0 एंव 379 भादवि कायम कर ज्यूडिसियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि अशोक साहू, सउनि धन्ना सिन्हा, प्र0आर0 925 दीपचंद वर्मा, प्र0आर0 214 महादेव साहू की भूमिका सराहनीय रहा है।

## एक नजर

### पंचायत सचिवों की मांग पर जल्द विचार करे सरकार: अग्रवाल

**डोंगरगढ़, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के वरिष्ठ जनपद सदस्य



रवि अग्रवाल ने ग्राम पंचायत सचिव की मांग को उचित और जायज़ बताया और जल्द मांग पूरी कर हड़ताल समाप्त करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री और माननीय पंचायत मंत्री से आग्रह किया है। रवि अग्रवाल ने कहा कि जब 2018 मे विधानसभा के चुनाव थे तब वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री सिहदेव ने अपने जन घोषणा पत्र में विभिन्न प्रकार से प्रलोभन दिए और आज उसी का परिणाम था कि आप के प्रलोभन मे छत्तीसगढ़ का हर वर्ग फंस गया और आपको अकल्पनीय बहुमत से सरकार सौंपा परन्तु आज साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद भी आप उन घोषणा पत्र में किए वादों पर अमल नहीं करना चाहते ये तो वादा खिलाफी की श्रेणी में आता है आप ने अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की बड़ी बात कही थी पर आज नियमितीकरण तो दूर उन्हे समय मे वेतन नहीं मिल रहा, मनरेगा कर्मचारियों को आप लगातार छल रहे हैं उनके वेतन को भी समय पर न दे कर उनके साथ वादा खिलाफी करने का काम आपकी सरकार कर रही हैं। आज लगभग 25 दिन बीत गए ग्राम पंचायत सचिव की हड़ताल को परन्तु आज तक सरकार और प्रशासन द्वारा उनकी हड़ताल ख़तम करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाना सरकार की असवेदंशिलता को दर्शाता है आज गांव गांव में काम रुक गए हैं लोगो की आवश्यक सेवा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, राशन कार्ड का काम सभी काम अवरूद्ध हो गया पर सरकार मे बैठे प्रतिनिधि हड़ताल समाप्त करने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे मुख्यमंत्री से निवेदन हैं कि घोषणा पत्र में किए गए वादों को अब निभाने का समय आ गया है और जल्द से जल्द कर्मचारियों के हित में उचित निर्णय लेते हुए हड़ताल समाप्त करवाते हुए ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने की कृपा करेंगे।

### स्वास्थ्य शिविर का शांति नगर के निवासियों ने उठाया लाभ



**डोंगरगढ़, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव वार्ड नं 10 के शान्ति नगर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एस एम आर सी भुवनेश्वर उड़ीसा द्वारा चलाए जा रहे दिव्यांगजनों के वैक्सीनेशन सर्वे व टीकाकरण अभियान में लगे कृष्ण मेश्राम, कंचन मेश्राम, ऋषि मिश्रा, श्रीयारानी देई द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डां प्रवीण गोस्वामीगर्भवती होने से पहले व बद के टीको कि जानकारी दिये, हेमन्त राजपुत सुपर वाइजर, शैलेश रामटेके समाज सेवी नाश मुक्ति के उपर चर्चा किये जहां पर वार्ड के गर्भवती महिला व दिव्यांग महिला उपस्थित थे।

## चोरों व चोरी का माल खरीदने वालों पर लवन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 2 अपचारी बालक सहित 8 आरोपी पकड़ाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 9 अप्रैल।** घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी धीराजी नारंग सा. नयापारा थाना भाटापारा ग्रामीण ने दिनांक 7/4/23 को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया की वह सुपरवाइजर का काम करता है कि दिनांक 7/4/23 को ग्राम बगबुडा बस्ती के आगे रोड किनारे नहर के पास लगे डेली नेटर को चेक करने पर वहां नहीं था 51 नग डेली नेटर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। की रिपोर्ट पर धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को चोरी के मामलों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं उपुअ मुख्यालय अभिषेक सिंह के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक उमेश वर्मा के नेतृत्व में विवेचना दौरान संदिग्धों की पता तलाश किया गया।

पूछताछ पर दिनांक 6.4.23 के रात को लक्की बांधे, लल्लू चेलक, दो नाबालिग बालकों के सांथमिलकर 21 डेली नेटर को चोरी कर सुकालू बांधे के छोटा हाथी से ले जाकर सनेही लाल बांधे के पास 3440 में बेचना तथा उसी रात को फिर से वहां से लल्लू उर्फ कार्तिक, तुलु खुटे एक नाबालिग मिलकर चोरी कर भुवनेश्वर गेंडरे कबाड़ी वाले के पास उसके छोटा हाथी वाहन से ले जाकर 1400 में बिक्री करना पता चला। मामले में मुताबिक मेमोरंडम आरोपी गण से कूल नगदी ?2600 एवं कबाड़ दुकानदार द्वारा घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन सीजी-22-डब्ल्यू-1623 एवं सीजी-22-वी-4029 को बरामद कर जप्त किया गया है। एवं न्यायिक रिमांड पर पेश कर आरोपियों को जेल में निरुद्ध किया गया है तथा अपचारी बालकों को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है। आरोपियों के नाम लक्की बांधे पिता धर्मेंद्र बांधे उम्र 18 वर्ष, सुकालू बांधे पिता सनेही लाल बांधे उम्र 21 वर्ष, सनेही लाल बांधे पिता रामू बांधे उम्र 56 वर्ष, लल्लू उर्फ कार्तिक चेलक पिता महेत्तर चेलक उम्र 22 वर्ष, तुलु राम खूंटे पिता सखाराम उम्र 35 वर्ष, भुवनेश्वर गेंडरे पिता जुगनू गेंडरे उम्र 22 वर्ष सभी निवासी ग्राम खम्हारिया लवन थाना लवन, अपचारी बालक- 2 उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विनोद बांधे, परमानन्द रथ, निरंजन प्रसाद सेन, आरक्षक रवि ध्रुव, गुमान जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 9 अप्रैल।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में थाना सिमगा बलौदाबाजार के अपराध क्र 380/2022 धारा 363, 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया। आरोपी का नाम दीपक कुमार यादव पिता उत्तम यादव उम्र 21 साल साकिन पंसेरी थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार भाटापारा है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 19 अप्रैल को प्रार्थी की सूचना पर उसकी पुत्री के गुमने की सुचना पर गुम सदर कायम कर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान अपहता का पता तलाश किया गया जो 8 अप्रैल को आरोपी दीपक कुमार यादव के कब्जे में मिली जिससे प्रकरण में बरामदगी सुमार कर कथन लिया गया जो पीडिता के द्वारा बताई कि आरोपी अमन सिन्हा के द्वारा नाबालिक जानते हुये भी शादी कर लगातार शारीरिक संबंध बनाया कि कथन पर से आरोपी के विरूद्ध धारा 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध सबुत पाये जाने से धारा जोडी जाकर विधिवत 8 अप्रैल के गिरफ्तार कर रिमाण्ड पेश कर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में एएसआई सिंह मप्रआर जागेश्वरी वर्मा प्रधान आरक्षक चंद्रभान पांडे, का योगदान रहा।

# गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान: भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पहुंचा मुरमुंदा

## प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्षों के विकास कार्यों को पहुंचा रहे हैं जनता के बीच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**लाल बहादुर नगर, 9 अप्रैल।** प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आवाहन पर जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने पूरे जिले में गांव गांव चलो, घर घर चलो अभियान का कार्यक्रम आज लाल बहादुर नगर मण्डल के ग्राम मुरमुंदा में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा जी जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा जी पूर्व विधायक खेदु राम साहू प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर नरेंद्र साहू पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री दिलीप साहू पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश बिसने लाल उपाध्यक्ष विरेन्द्र सोनी जी बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष बोधी राम साहू जी (ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रोशन लाल साहू )डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू एवं एलबी नगर मंडल के महामंत्री राम अवतार वर्मा महामंत्री दिनेश वर्मा एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष तमेशवर महामंत्री विनम साहू युवा मोर्चा मंत्री संदीप सिन्हा उपाध्यक्ष भारत दास वैष्णव उपाध्यक्ष सोनवा राम सिन्हा उपाध्यक्ष दुर्गेश सिन्हा एवं मंत्री अशवनी साहू मंत्री पुष्तोम साहू मंत्री चोवाराम वर्मा मंत्री चेतन लाल साहू कोषाध्यक्ष भुवन राम साहू जी कार्यकर्ता कृपा राम साहू गिरधर साहू चौधरी जी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्षो के जनविकास कार्यो को पर्ची एवं लॉउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया।।

## कलेक्टर ने किया बलौदाबाजार शहर का औचक निरीक्षण, साफ-सफाई के साथ बुनियादी सुविधाओं पर जोर देने के दिए निर्देश

# निर्माण कार्यों की धीमी गति पर कलेक्टर ने सीएमओ को दिया नोटिस

■ मुरुम तालाब पर लगेगा 30 फीट ऊंचा विशाल तिरंगा, मई के अंत तक शिफ्ट होगा मटन मार्केट नये भवन में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 9 अप्रैल।** कलेक्टर रजत बंसल ने बलौदाबाजार नगर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो, मटन बाजार का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन मुआयना करते हुए प्राथमिकता से साफ सफाई करने के निर्देश दिए है. इस दौरान पौनी पसारी योजना के तहत सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया जहां गंदगी की अधिकता पर कलेक्टर बंसल ने विशेष रुप से बाजार की सफाई व स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिए है ताकि बाजार के साथ साथ शहर में उचित साफ सफाई हो सके.

मिनीमाता उद्यान और मुरूम तालाब का होगा सौंदर्यीकरण लगेगा 30 फिट ऊंचा तिरंगा

कलेक्टर बंसल ने मिनीमाता उद्यान का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान में लाइटिंग और धीमी निर्माण कार्य गति से होने पर नाराजगी जाहिर की एवं नगर पालिका सीएमओ यमन देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी करतें हुए 3 दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उद्यान के निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच हेतु पीडब्ल्यूडी आरईएस की 2-3 इंजीनियरों की टीम लगाकर पुनर्मूल्यांकन करनें के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। गौरतलब है कि मिनीमाता उद्यान के लिए राज्य प्रवर्तित योजना के तहत 9.40 लाख रुपये राशि स्वीकृत हुआ था। इसके साथ ही नगर पालिका कार्यालय के समीप मुरूम तालाब के सौंदर्यीकरण और विकास कार्य हेतु कुल 44.36 लाख रुपये का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने सभी कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। मुरूम तालाब सौंदर्यीकरण के साथ ही 30 फिट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया जायेगा व यहां चौपाटी कार्य को जल्द ही पूर्ण किए जाए ताकि नगरवासियों को लाभ मिल सके।

### मई के अंत तक नए भवन में शिफ्ट होगा मटन मार्केट

आम जनता की सहूलियत को देखते हुए सब्जी मार्केट के समीप मटन मार्केट का भी संचालन होता आ रहा है जिसे जल्द ही लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में मई माह के अंत तक शिफ्ट कर लिया जाएगा. शहर में पहले से ही 38.95 लाख की लागत से नवीन मटन मार्केट भवन प्रस्तावित था साथ ही कलेक्टर बंसल के निर्देश पर नवीन मटन मार्केट में 29.80 लाख रुपये की लागत राशि से अतिरिक्त बुनियादी कार्य जैसे स्टॉलर हाउस, सीसी रोड एवं बाउंड्रीवाल कार्य कराया गया है जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. मई माह के अंत तक मटन मार्केट को शिफ्ट किया जायेगा ताकि आमजनता को साफ सुव्यवस्थित मटन मार्केट का लाभ मिलेगा। इस मौके पर एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, तहसीलदार तंबोली, बलौदाबाजार नगर पालिका सीएमओ यमन देवांगन सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### सरपंच संघ दिल्ली में रखेंगे अपनी मांग जनपद सभाकक्ष में हुई संघ की बैठक



**डोंगरगढ़, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में विगत दिनों सरपंच संघ द्वारा आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रुप से जिला सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने कहां कि आज सरपंचों की हालत बंधुआ मजदूर जैसे हो गई है सुनने वाला कोई नहीं अपनी समस्याओं को लेकर जल्द ही सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली में कुंच करेंगे और अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे। अध्यक्ष साहू ने कहा कि सरपंच जनपद पंचायत व जिला पंचायत के चक्कर काट रहे हैं लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी पड़ी है अब सभी सरपंचों को जागरूक होने की जरूरत है तभी आने वाले समय में सरपंचों को इसका लाभ मिल सकता है सरपंचों के यह दिन आ गए कि सरपंच अपने गांव में ही 50 हजार का काम नहीं करा सकता यह काम भी शासन ठेकेदारों के माध्यम से पंचायतों में करा रही है राजनांदगांव जिला के लगभग सभी जनपद पंचायतों के सरपंचों को मजदूरी भुगतान, मटेरियल सहित बकाया राशि के लिए अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं अधिकारियों को बार-बार जानकारी देने के बावजूद भी समस्या हल नहीं हो पाती। सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष आबिद खान ने भी सभी सरपंचों को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की बात कही। बैठक में सरपंच युवराज चंद्रवंशी, ओमप्रकाश लीलहारे, लखन सिंह वर्मा, महेंद्र कुमार धमगाय, इंदु चंद्रवंशी, भारती पटेल, राजेंद्र कुमार जंघेल, मनोज कुमार वर्मा, कन्हैया वर्मा, शकुन ढाकरे, सरिता मंडावी, शुभी भाई वर्मा, अनीता वर्मा, लता ढाकरे, कोलेद्री जोशी, उदय नेताम सहित अन्य सरपंच उपस्थित थे।

### सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य पूरी गंभीरता के साथ समय-सीमा में शतप्रतिशत करे : कलेक्टर



**डोंगरगढ़, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन कर सभी वर्गो को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यो में गति लाने पूरी गंभीरता के साथ फील्ड में कार्य करने सभी प्रगणक दलों को निर्देश जारी करने एवं कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का निदान करने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य शतप्रतिशत हो इसके लिए ग्रामीणों में जागरुकता लाने, सर्वे का महत्व बताने एवं जिला अधिकारी की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन कर समयावधि में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कराने सुपरवाईजरों को कार्यो की नियमित रिर्पोट लेने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान योजना के तहत् समस्त पंजीकृत एवं पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने, क्लस्टर-वार त्वरित सत्यापन करने सहित सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने आवश्यक प्रचार प्रसार करने को कहा। शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों में राजीव गांधी भूमीहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन हेतु नवीन दिशा-निर्देश जारी किया गया है जिसके अंतर्गत नगर पंचायतों में भी योजना लागू हो गया है। नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 15 अप्रैल तक निर्धारित है। 01 अप्रैल 2023 की स्थिति मे पात्रता रखने वाले सभी आवेदकों की उक्त योजना से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ अशोक पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुमनराज, पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

### अप्रैल व मई में होगा एकमुश्त निःशुल्क खाद्यान्न वितरण

**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संरक्षण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्रानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अतंर्गत जारी राशनकार्डों मे माह अप्रैल 2023 एवं मई 2023 का माह अप्रैल 2023 में एकमुश्त नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण के समान ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 के अंतर्गत जारी अन्तयोदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डों मे नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिये गये है। जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे ने जिला बीजापुर में संचालित सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि माह अप्रैल एवं मई 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 के अंतर्गत जारी अन्तयोदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डों में एकमुश्त नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जावे। एपीएल चावल, गुड, शक्कर एवं चना का माह अप्रैल 2023 का वितरण निर्धारित मात्रानुसार राशि लिया जावे। उक्त संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, कार्डधारी उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने आग्रह किया गया है।

### कैंसर पीड़ित को रेडक्रास सोसायटी बीजापुर से दी 10 हजार रुपये की सहायता राशि



**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोल्लागुड़ा निवासी कैंसर के मरीज किष्टादी बापू को मुंह का कैंसर होने पर नागपुर के कैंसर अस्पताल में कीमोथैरिपी के माध्यम से ईलाज जारी है, किष्टादी सत्यावती जो कि मरीज की पत्नी है जिनके द्वारा सहायता राशि की मांग पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देश पर जिला संगठक भारतीय रेडक्रास सोसायटी बीजापुर द्वारा 10 हजार की सहायता राशि प्रदाय किया गया।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 10 अप्रैल को

**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2023 मे रिक्त सरपंच एवं पंच के उप निर्वाचन के लिए विकासखंड बीजापुर की ग्राम पंचायत बुरजी विकासखंड भोपालपटनम की ग्राम पंचायत सण्ड्रापल्ली, अंगमपल्ली, वंगापल्ली, गोल्लागुडा एवं विकासखंड उसूर की ग्राम पंचायत पालागुड़ा की सूचियों का 10 अप्रैल 2023 को संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथ तहसील कार्यालय में प्रारंभिक प्रकाशन किया जाकर नि:शुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगा। कोई भी व्यक्ति जो किसी ग्राम के मतदाता सूची में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने या किसी आपत्ति करना चाहे, वह इस संबंध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्ररुप में 10 अप्रैल 2023 से 17 अप्रैल 2023 को अपरान्ह 3 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय या तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। तथा निर्वाचन नियमों में शासन द्वारा संशोधन के फलस्वरुप पंचायत अंतर्गत शामिल संबंधित विधानसभा क्षेत्र व भाग संख्या की मतदाता सूची में नाम होने पर ही संबंधित पंचायत की मतदाता सूची मे नाम दर्ज कराया जा सकता है।

तरुण छत्तीसगढ़
www.tarunchhattisgarh.in

# राजधानी

रायपुर, रविवार, 09 अप्रैल 2023

रायपुर एवं कोरबा से एक साथ प्रकाशित



## एक नजर

### प्रियंका वाड्रा का बस्तर प्रवास 12 को तीन महामंत्रियों को दी गई जिम्मेदारी



**रायपुर, 9 अप्रैल।** कांग्रेस राहुल गांधी के मुद्दे को लेकर अब गांव-गांव पहुंचने जा रही है। इस अभियान में कांग्रेस, केंद्र सरकार की असफलता के विषय में लोगों को बताएगी। भाजपा और केंद्र सरकार पर तानाशाही के आरोप की भी जानकारी घर-घर तक पहुंचाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने शनिवार को राजीव भवन में पत्रकारों से कहा कि नुक्कड़ सभा के माध्यम से हम गांव-गांव जाकर केंद्र सरकार की नाकामियां गिनाएंगे। देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने का जिम्मा हर व्यक्ति का है। अगर राहुल गांधी लोकतंत्र बचाने के लिए चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर सकते हैं, तो हर कांग्रेस कार्यकर्ता को इस अभियान में जुटना चाहिए। पार्टी चौपाल लगाएगी, विधानसभा में पदयात्रा करेगी और केंद्र सरकार का सच जनता के सामने रखेगी।

### मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार मोहन साहू के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया

**रायपुर, 9 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई नगर के वरिष्ठ पत्रकार मोहन साहू के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने श्री साहू के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने मोहन साहू के शोक संतप्त परिवारजनों को दु:ख की इस घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### विपश्यना ध्यान एकाग्र कर ले जाता है समाधि की ओर : राजेन्द्र यादव

**रायपुर, 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित 29वें सत्र के ऑनलाइन संघ योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री राजेन्द्र कुमार यादव जी, बौद्ध शिक्षा विचारक, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)) ने गौतम बुद्ध का जीवन दृष्टिकोण विषय पर सारगर्भित ज्ञानपूर्ण सत्र लिया! इस सत्र पर संघ अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर जी ने हार्दिक आभार व्यक्त किया ! महासचिव खोमेश साहू जी (यूजीसी-एसआरएफ) ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छरूपी शब्दों से स्वागत कर भूमिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि 2500 साल बाद भी बौद्ध की शिक्षाएं उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस समय थी। क्षत्रिय कुल में जन्म लेकर उन्होंने राजपाट त्याग वन प्रस्थान कर गए, पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त कर ज्ञान को विज्ञान का रूप दिया, यही कारण रहा कि बुद्ध एशिया के प्रकाश पुंज के रूप में आज भी स्थापित है। नितेश पटेल जी ने गौतम बुद्ध को लुंबिनी वन में जन्म लिया, के शब्दों के साथ सभी श्रोताओं का स्वागत कर कार्यक्रम का संचालन किया।

### कुपोषण दूर करने में आंबा कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : डहरिया

**रायपुर, 9 अप्रैल।** नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि महिलाओं एवं बच्चों के कुपोषण दूर करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. डहरिया आज आरंग के कृषि उपज मंडी में आयोजित जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर सह-सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में डॉ. डहरिया ने बच्चों का अन्न प्राशन्न भी कराया और गर्भवती माताओं को सुपोषण थाली भेंट की। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा स्वीकृत जय माँ बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह कठिया को एक लाख रूपए की राशि वितरित की। इस मौके पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। कार्यक्रम में मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि आरंग के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार तैयार करने के लिए गैस चूल्हा का वितरण किया गया। साथ ही 14 नए आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित महिला बाल विकास के अधिकारी और कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।

### भाजपा पहाड़ी कोरवाओं की दुखद मौत पर राजनीति मत करे : कांग्रेस

**रायपुर, 9 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोरवा जनजाति के परिवार की आत्महत्या की घटना दुखद है। भाजपा उनकी मौत पर राजनीति कर रही है। मृतक परिवार को सारी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा था। उनके पास राशन कार्ड भी था। आपसी विवाद और पारिवारिक क्लेश के कारण हुई घटना पर भाजपा घृणित राजनीति कर रही है। जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा परिवार के आत्म हत्या के मामले में भाजपा द्वारा ली गई पत्रकावार्ता भाजपा नेताओं ने एक बार फिर से झूठ परोस कर लाश पर राजनीति करने का प्रयास किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेता झूठ बोल रहे थे। यह उनके पत्रकारवार्ता तथा कथित जांच दल की जारी रिपोर्ट के विरोधाभासी तथ्यों से साबित हो रहा है भाजपा नेता दावा कर रहे है कि भूख से वंचित होकर परिवार के लोगो ने आत्म हत्या किया। जबकि अपनी ही जांच रिपोर्ट में यह भी मान रहे कि परिवार के पास राशन कार्ड था जिसमें फरवरी माह तक राशन उठाने की प्रविष्टि को भाजपा जांच दल बता रहा। (जबकि कोरवा परिवार ने मार्च में भी राशन उठाया है।


# हम आह भी भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम वो कत्ल भी करते हैं पर चर्चा नहीं होती?



देश में नरेंद्र मोदी से अडानी के क्या रिश्ते हैं यह पूछने का मसला अब राहुल गाँधी को दो साल की सजा और लोकसभा की सदस्यता रद्ध होने से लेकर नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता तक पहुंच गया है।राहुल ने लोकसभा में मोदी-अडानी को निशाने पर लिया था,उसके बाद सूरत की कोर्ट से उन्हें कर्नाटक में 'मोदी सरनेम' पर टिप्पणी करने पर अधिकतम 2साल की सजा देना ,संसद की सदस्यता समाप्त करना ,बंगला खाली करने का नोटिस, सूरत की सेशन कोर्ट में राहुल को जमानत,प्रियंका गाँधी सहित 3 कॉग्रेसी सीएम आदि के साथ सूरत कोर्ट में जाने को लेकर चर्चा जारी है वहीं नरेंद्र मोदी की डिग्री देखने के नाम पर गुजरात हाईकोर्ट द्वारा दिल्ली के सीएम केजरीवाल को 25 हजार का जुर्माना भी चर्चा में है।दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने नरेंद्र मोदी की डिग्री मांगी थी।गुजरात विश्वविद्यालय ने देने से मना कर दिया था तो केंद्रीय सूचना आयोग ने डिग्री सार्वजनिक करने का आदेश दिया था इस पर विवि ने आयोग के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।उच्च न्यायालय ने आदेश रद्द ही नहीं किया बल्कि केजरीवाल पर 25 हज़ार रुपये का जुर्माना लगा दिया है। यह निर्णय भी चर्चा में है। दरअसल चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी को अपने हलफनामे में डिग्री वगैरह की जानकारी देनी होती है और गलत जानकारी देने पर सजा का प्रावधान है। फिर किसी जनप्रतिनिधि की डिग्री मांगना अपराध कब से हुआ और इसे छुपाया क्यों जा रहा हैज़?दूसरी बात,लोकतंत्र पारदर्शिता का दूसरा नाम है।कानूनी तौर पर अनपढ़ व्यक्ति भी चुनाव लड़ सकता है या किसी पद पर रह सकता है।जब ये कानून बना था तब पूरा भारत

साक्षर नहीं था। कोई जन-प्रतिनिधि पढ़ा लिखा है या नहीं,ये जानना जनता का अधिकार है। जनता से झूठ बोलना भी अपराध है। वैसे भी अमित शाह और अरुण जेटली,मोदी की एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री सार्वजनिक कर चुके हैं जो कथित रूप से गुजरात यूनिवर्सिटी की है।यूनिवर्सिटी को इसका सत्यापन करने में क्या परेशानी हैज.?या कम से कम यूनिवार्सिटी यही बता दे कि उसने यह विषय में दुनिया के एक ही छात्र को क्यों पढ़ायाज.?वैसे नरेंद्र मोदी एक भाषण में यह कहते सुने जा सकते हैं कि मैं ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं।अगर वे कम पढ़े लिखे हैं तो भी तारीफ ही होगी कि कम पढ़ा लिखा आदमी सबसे ऊंचे पद पर पहुंचा है।अब तो उनकी वायरल डिग्री में यूनिवर्सिटी की दो अलग अलग स्पेलिंग की भी चर्चा तेज है, क्या कोई यूनिवर्सिटी से इतनी बड़ी गलती संभव हैज.?

### जमीन बेची तो 'बाबा' को हाईकोर्ट का नोटिस...



पूर्वजों द्वारा दान करने, फिर अविभाजित मप्र के समय एक कलेक्टर द्वारा उसे सिंहदेव परिवार को वापसी का मामला छ्ग में भाजपा सरकार के समय चर्चा में आया था तब डॉ रमनसिंह सीएम थे और टीएस बाबा नेता प्रतिपक्ष थे।पर शिकायत के बाद भी कुछ नहीं हुआज अब मामला छ्ग हाईकोर्ट पहुंच गया है।छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सरकार के वरिष्ठ मंत्री टीएस सिंह देव की तकलीफ और बढ़ा दी है। हाईकोर्ट के नोटिस के बाद छग की सियासत भी गर्माने लगी है।बता दें कि मामला एक सार्वजनिक तालाब को काटकर उसे टुकड़ों में बेचने से जुड़ा हुआ है। अगर नोटिस की माने तो 11 अप्रैल




से पहले व्यक्तिगत तौर पर टी एस सिंहदेव को उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए है।पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली तनु नीर समिति द्वारा हाईकोर्ट में टीएस सिंहदेव के खिलाफ रिट पिटीशन दाखिल की गई है। याचिका में सिंहदेव के खिलाफ तालाब को पाटकर जमीन बेचने का आरोप लगाया गया है।मामला शहर के बीचों बीच स्थित 52.06 एकड़ में फैले शिव सागर मौलवी बांध की जमीन का है।इसकी जमीन टीएस सिंहदेव के नाम पर है। तरू नीर समिति ने बिलासपुर हाईकोर्ट में 20 मार्च को याचिका दाखिल किया था।

मामले में हाईकोर्ट की जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस एनके चंद्रवंशी की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए टीएस सिंहदेव को नोटिस जारी किया है।

### अवस्थी को ओएसडी बनाने के मायने...

उप्र के मूल निवासी तथा छ्ग में आईपीएस प्रशिक्षण से लेकर डीजीपी तक की जिम्मेदारी सम्हालने वाले दुर्गेश माधव अवस्थी को सेवानिवृति के बाद छ्ग की भूपेश सरकार ने पुलिस मुख्यालय में ओएसडी का पद सृजित कर एक साल के लिये संविदा नियुक्ति दे दी है। अविभाजित मप्र से छ्ग की जोगी,डॉ रमन और भूपेश सरकार में महत्वपूर्ण पदों में रहने



वाले अवस्थी फील्ड तथा पुलिस मुख्यालय में कई जिम्मेदारी सम्हाल चुके हैं।वे मप्र और छ्ग में करीब 7 साल खुफिया विभाग में पदस्थापना का रिकार्ड बना चुके हैं। बहरहाल बतौर ओएसडी उन्हें क्या अधिकार रहेगा यह अभी तय नहीं है।

### 8 जिलों में प्रमोटी डीएम तो 5 में डीआईजी हैं एसपी...

छत्तीसगढ़ में 33 जिलों में 25 में सीधे आईएएस अफसर कलेक्टर पदस्थ हैं तो मात्र 8 जिलों में ही प्रमोटी आईएएस को कलेक्टर बनाया गया है। राजनांदगाव, रायगढ़, बालोद, कबीरधाम, गौरेला-पेंड्रारोड, सारंगढ़, सूरजपुर और मनेन्द्रगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रमोटी अफसर अभी पदस्थ हैं पर विस चुनाव के पहले जिलों के कलेक्टर बदले जाएंगे और प्रमोटी अफसरों को अधिक जिलों का प्रभार दिया जाएगा यह तय है। क्योंकि पहले भी ऐसा होता रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि करीब डेढ़ दर्जन कलेक्टर पिछले साल जून 22 में ही बदले गये थे,2 माह बाद ही उन्हें एक साल पूरे होंगे तो कुछ कलेक्टर को तो 6से 9 माह ही अभी जिलों में हुए है, इधर कुछ एसपी को भी बदलना तय है करीब 6 को तो 2साल से अधिक समय हो गया है उसमे भी 5 तो डीआईजी पदोन्नत हो चुके हैं, एक का नाम तो ईडी की चार्जशीट में भी है। वैसे आगामी विस चुनाव में पदस्थापना के चलते ही तबादला आदेश जारी होने में देर हो रही है।

### और अब बस...

- » भाजपा की बड़ी नेत्री ने थप्पड़ मारा था वो वह चुनाव हार गई थीं,अब एक कॉग्रेसी विधायक ने थप्पड़ मारा हैज.?
- » शेखर तिग्गा ने डीआईजी जेल का कार्यभार सम्हाल लिया है।छ्ग बनने के बाद डॉ के के गुप्ता के बाद तिग्गा दूसरे विभागीय डीआईजी बने हैं।
- » किस बड़े जिला के कलेक्टर से सत्ता पक्ष के लोग भी नाराज हैं और विपक्ष के लोग भी.?
- » आईजी स्तर पर भी मामूली फेरबदल की चर्चा तेज है।

# इंदिरा गांधी प्रतिमा की सफाई कर एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

**रायपुर, 9 अप्रैल।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई का आज 53वां स्थापना दिवस है। 1971 में छात्रों को कांग्रेस से जोडने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की नींव रखी थी। देश की कई सेंट्रल यूनिवर्सिटी और स्टेट यूनिवर्सिटी में छात्र लाखों की संख्या में संगठन से जुड़े हैं। एनएसयूआई से जुड़कर कई छात्रों ने देश की राजनीति तक का सफर भी तय किया है।



राजधानी के कालीबाड़ी चौक पर एनएसयूआई छात्र नेता केशव सिन्हा के नेतृत्व में स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी के प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। जिसमें मुख्य रूप से, प्रदेश सचिव देव निर्मलकर, भक्तेश्वर वैष्णो, रोहन मानिकपुरी, मनोज बहादुर, गुलाब चंद साहू, राघवेंद्र धीवर, विरेंद कोशले, यस कोसले, नंदकिशोर वर्मा ,दिनेश चक्रधारी, सुशांत मजरे, दिनेश यदु, त्रिभुवन साहू, गोकर्ण धीवर उपस्थित थे।

# वनांचल में शिक्षा से गढ़ रहे हैं बच्चों का भविष्य

**रायपुर, 9 अप्रैल।** स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग तथा सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने 7 अप्रैल को अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम करमतरा में 68 लाख 64 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित नवीन हाई स्कूल भवन तथा मोहला विकासखंड के ग्राम आलकन्हार में 1 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित नवीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम करमतरा में हायर सेकेण्डरी स्कूल उन्नयन और कन्या छात्रावास की घोषणा की।



स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने नये स्कूल भवन बनने पर सभी को बधाई देते कहा कि किसी क्षेत्र में स्कूल खोलना सौभाग्य की बात होती है, लेकिन स्कूल भवन बनना परम सौभाग्य की बात होती है। आप सभी वनांचल क्षेत्रों में यहां के बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं वह सराहनीय कार्य है। यहां के बच्चे ने प्रयास, एकलव्य, नवोदय, नीट जैसी परीक्षाओं में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि यहां विद्यालय खुलने से आसपास के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। कोरोना काल में सबसे ज्यादा नुकसान पढ़ाई में हुआ है। शिक्षकों के प्रयास से ऑनलाइन पढ़ाई और पढ़ई तुँहर दुआर कार्यक्रम से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार होता रहा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल, आश्रम, छात्रावास भवन की मरम्मत के लिए प्राक्कलन मांगा गया है। इसे बच्चों को स्कूल में सुविधा उपलब्ध होगी।

स्कूल शिक्षा डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि राज्य ने स्कूल एवं शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया गया। वर्तमान में लगभग 279 में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित है। जिससे हर वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा मिल रही है। प्रत्येक विकासखण्ड में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला गया है। वहां अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम से पढ़ाई हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 101 नए आत्मानंद खुलेंगे। शिक्षा आज के समय में सबसे बड़ा हथियार है। जो समाज शिक्षित होगा वही आगे बढ़ेगा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को स्कूल जरूर भेजने का आग्रह किया। इस मौके पर मंत्री डॉ. टेकाम ने नवोदय, प्रयास, एकलव्य एवं नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मान पत्र वितरित किया।

### इमली लेकर कारोबारी को नहीं दिए 15 लाख तमिलनाडु के दंपती पर ठगी का केस दर्ज

**रायपुर, 9 अप्रैल।** रायपुर के एक इमली कारोबारी से करीब 15 लाख रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर गोलबाजार थाना पुलिस ने ठगी करने वाले तमिलनाडु के रहने वाले कारोबारी दंपत्ती के खिलाफ चार सौ बीसी का केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जल्द ही पुलिस की एक टीम तमिलनाडु जाकर गिरफ्तारी की कार्रवाई करेगी। गोलबाजार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बांसटाल मेन रोड निवासी गुलाम गौस जिलानी (49) ईमली का व्यसाय करते है। उनकी कमला सुपर मार्केट तेलीबांधा में पेसिफिक वेस्टर्न कमोडिटिज नाम से दफ्तर है। 25 अक्टूबर 2018 को जय हनुमान इंपोंट एंड एक्सपोंट शिवानी कांपलेक्स कुमार पालियम मेन रोड आवाति पालियम, पल्लिपालियम जिला नमककल (तामिलनाडु) के संचालक सेवलराज ने 24 लाख 70 हजार 577 रूपये की इमली खरीदने सौदा तय किया। इसके एवज में बतौर सेवलराज ने अग्रिम 10 लाख रूपये आरटीजीएस के जरिए दिया था। शेष रकम ईमली की आपूर्ति निर्धारित स्थान पर होने पर देने को कहा। 29 जनवरी 2018 को ट्रक से ईमली पहुंच जाने के बाद सेवलराज ने थोड़ी देर में पैसा देने का झांसा दिया। करीब एक महीने तक सेवलराज टालमटोल करता रहा। इस ठगी में उसकी पत्नी सरिता राज संलिप्त थी।

धरना



**रायपुर, 9 अप्रैल। डीएड एवं बीएड प्रशिक्षित कल्याण संघ सहित अन्य संघों ने आज अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया।**

# राहुल के मुद्दे पर कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रही: मरकाम

**रायपुर, 9अप्रैल।** कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह प्रदेश के सभी जिलों और ब्लाको में चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई जनता के अदालत में लड़ रही है। जय भारत सत्याग्रह के तहत राहुल गांधी के साथ किये गये आलोकतांत्रिक व्यवहार, मोदी सरकार की तानाशाह नीतियों के खिलाफ पत्रकारवार्ता और मशाल शांति मार्च निकाला गया। नुक्कड़ सभायें सभी गांव कस्बे में हो रही है। एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सभी नुक्कड़ सभा में भाग ले रहे है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार एवं सोशल कैंपेन भी हुआ। कांग्रेस लोकतंत्र बचाओं दौड़ का आयोजन होगी। 14 अप्रैल संविधान बचाओं दिवस मनाया जायेगा। ब्लाक स्तरीय पत्रकारवार्ता, पोस्टकार्ड अभियान, नुक्कड़ सभा, सोशल मीडिया कैंपेन, जय भारत सत्याग्रह फेस 2 में संभागीय जिला सम्मेलन होगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में प्रदेश स्तरीय रैली, एक दिन का उपवास सभी जिले में गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष सार्वजनिक स्थानों पर सभी पदाधिकारी की अनिवार्य उपस्थिति रहेंगे।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर देने अडानी के घोटालों पर न पर्दा डाल पायेगा और न ही नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चोकसे, विजय माल्या जैसे भगोड़ो के संरक्षण के गुनाह से मोदी सरकार बच पायेगी। चोर को चोर कहना देश में अपराध हो गया है मोदी सरकार घोटाले बाजों को संरक्षण दे रही। सच कहने वाले की सदस्यता रद्द करवा रही है। भगोड़ो को पकड़ने का साहस नहीं घोटाले बाज की जांच की हिम्मत नहीं है विपक्ष के नेता का मुंह बंद करने साजिशे रची जा रही है। आज भी यह सवाल खड़ा हुआ है कि एलआईसी और एसबीआई के करोड़ो निवेशकों का पैसा मोदी सरकार ने जोखिम में क्यों डाला? देश का पूरा विपक्ष जब अडानी के घोटाले की जांच की मांग कर रहा है तो मोदी सरकार जांच से क्यों डर रही है? जांच से किस खुलासे का भय मोदी को सता रहा है? कौन बेनकाब हो जायेगा किसकी प्रतिमा खंडित होने का भय भाजपा सरकार को सता रहा है? जो वह अडानी के घोटाले की जांच नहीं करवा रहे है? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक ही सवाल तो पूछा है कि कितने बार मोदी जी अपने साथ अडानी को विदेश यात्रा पर ले गये। मोदी यह बताने में क्यों डर रहे है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि संसद की सदस्यता के खत्म करने से राजनैतिक चुनौती खत्म नहीं हो जाती। देश के बड़े-बड़े जनआंदोलन संसद में नहीं सड़क पर हुये है और जीते गये है। कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जनता के बीच गयी है। पूरे देश में आंदोलन चल रहा है। यह देश की प्रजातांत्रिक व्यवस्था के उपर प्रहार है। राहुल गांधी लगातार जनता की मुखर आवाज बने हुये है। वे बेईमानों की हानि कर रहे है इसके कारण कुछ लोगो को मान हानि लग रही है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23